आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 14 सितंबर 2023 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-167 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 सितंबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

ट्रक पेड़ से टकराया चालक की मौत

बलौदाबाजार,14 सितंबर। जिले में लोहे से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकराते हुए खेत में जा घुसा। हादसे में ड्राइवर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वह बुरी तरह से सीट में फंस गया, जिसे बड़ी ही मशक्कत से निकाला गया है। मामला गिधौरी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर बसंत यदु अपने ट्रक में लोहा लोड कर खरसिया से रायपुर जा रहा था। कुम्हारी के पास ट्रक का पहिया पंचर हो गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। वहां पेड़ से जोरदार टक्कर होने से ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ड्राइवर बसंत यदु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ड्राइवर का शव सीट में बुरी तरह से फंस गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वेल्डिंग कटर बुलवाया। इसके बाद ट्रक के हिस्सों को काटकर चालक के शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि बसंत यदु ट्रक के मालिक जवाहर यदु का ही बेटा था। वो ग्राम छिर्रा का रहने वाला था, जो बीती रात ही रायगढ़ जिले के खरसिया से अपने ट्रक में आयरन लोड कर रायपुर के लिए रवाना हुआ था।

1 करोड़ 80 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण जब्त

जांजगीर,14 सितंबर। जांच के दौरान जांजगीर-चांपा पुलिस ने दो चार पहिया वाहनों से करोड़ों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए हैं. जब्त आभूषणों में 2 किलो 11 ग्राम सोना और 75 किलो 415 ग्राम चांदी शामिल है. वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण आभूषण जब्त कर लिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर जिले की चांपा पुलिस ने 2 चार पहिया वाहनों से करोड़ों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवरातों की बदामदगी की है। आगामी चुनाव और वीवीआईपी विजिट को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में पुलिस द्वारा कोरबा रोड ग्राम हथनेवरा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलाए गए जांच अभियान के दौरान पुलिस को दो संदिग्ध चार पहिया वाहन नजर आए। दोनों वाहनों को रुकवाकर जांच की गई तब उसमें से अलग अलग बैग में 2.11 किलो सोना और 75 किलो 415 ग्राम चांदी के जेवरात पाए गए।

वाहन चालकों से पूछताछ के दौरान दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। यही वजह है कि पुलिस ने उसे जब्तकर लिया।

सीएम हाउस में 'तीजा पोरा तिहार' की रही धूम

प्रदेश की सारी योजनाएं महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई : भूपेश बघेल

रायपुर,14 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक 'तीजा पोरा तिहार' का आयोजन किया गया. इस उत्साह में शामिल होने बड़ी संख्या में शामिल होने महिलाएं पहुंची. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में शामिल होने आई सभी महिलाओं का अभिवादन कर पोला पर्व की बधाई दी. इस दौरान सीएम बघेल ने महिलाओं को संबोधित भी किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर साल की तरह पोरा तिहार के अवसर पर हम अपनी बहनों को अपने निवास में आमंत्रित करते हैं. आप सभी बड़े उत्साह के साथ आए, आप सभी को तीजा पोरा तिहार की बहुत शुभकामनाएं. सीएम भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश में जो भी अतिथि आते हैं, महिलाओं को लेकर उनकी धारणाएं बदली है, छत्तीसगढ़ की महिलाएं जागरूक है और वह सक्रियता के साथ सभी गतिविधियों में भाग लेती हैं. इसलिए जब आप प्रदेश की सारी योजनाएं देखेंगे तो पाएंगे कि इन्हें महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है. छत्तीसगढ़ सरकार ने किसान न्याय योजना, श्रमिक हितैषी योजना, गोधन न्याय योजना जैसी योजनाएं से लगभग 1 लाख 75 हजार करोड़ सीधे प्रदेशवासियों के खाते में भेजी गई है. उन्होंने कहा कि तीजा के अवसर पर ऐसा मानते है कि जब महिलाएं मायके जाती है तब बारिश होती है. आप देख रहे हैं कि पिछले दो-तीन दिन से अच्छी बारिश हो रही है. पिछले 5 सालों में हमारे प्रदेशवासियों और आप बहनों के अकाल-दुकाल नहीं पड़ा है. मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने हाल ही में निर्देश जारी किए हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी. हमने प्रदेश में महिलाओं का मान बढ़ाया है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली बार शासकीय अंग्रेजी स्कूल खोला है, जहां गरीब परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने का मौका मिला है. हमारा लगातार प्रयास है कि हम सब लोगों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाएं. उन्होंने कहा कि आज महिलाएं घर ही नहीं संभाल रही है बल्कि मोर्चा भी संभाल रही हैं. महिलाएं सर्च ऑपरेशन में जाती है. ऐसा ग्रुप बना है जो इस काम को बखूबी अंजाम दे रही है.

रेलवे के पीपी यार्ड में सीबीआई की दबिश

12 घंटे तक दस्तावेज खंगालने के बाद दफ्तर को किया सील

भिलाईनगर 14 सितंबर। भिलाई 3 पुरैना में रेलवे के पीपी यार्ड मे बुधवार को सीबीआई की 05 सदस्यीय टीम ने दबिश दी। टीम ने 12 घंटे तक सभी रिकार्ड खंगालने और कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद दफ्तर को सील कर दिया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को सीबीआई के और भी अधिकारी यहां पहुंचेंगे और दफ्तर को खोलकर दस्तावेजों की बारीकी से जांच करेंगे। सीबीआई की दबिश के बाद रेलवे के पीपी यार्ड वह अन्य कार्यालय में सन्नाटा छाया हुआ था शिकायत पर से सीबीआई ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया है सीबीआई ने काफी महत्वपूर्ण दस्तावेज जप्त किया है कार्यालय में काफी दस्तावेज खंगाले भी हैं।

सीबीआई के सूत्रों रेलवे के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पीपी यार्ड में व्याप्त भराशाही एवं भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत पद से कार्यवाही को अंजाम दिया गया है सुबह 10.00 बजे के करीब सीबीआई के अधिकारी दो वाहनों में अचानक आ धमके कार्यालय में मौजूद अधिकारियों को करने से बाहर जाने पर रोक लगा दी दरवाजे पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत सुरक्षा कर्मी तैनात कर दिए गए किसी भी अधिकारी को छापे की कार्यवाही के दौरान मोबाइल फोन व टेलीफोन पर बात करने की मनाही थी नया कोई भी व्यक्ति कार्यालय के अंदर प्रवेश नहीं कर पा रहा था रेलवे यार्ड में सीबीआई के दबिश की खबर लगते ही रेलवे के अंदर कार्यालय में सन्नाटा पसर गया अधिकारी वर्ग एक दूसरे से सीबीआई के कार्रवाई के संबंध में पूछते देखे गए इस संबंध में सीबीआई के उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लिखित शिकायत पर से जांच के उपरांत छापे की कार्यवाही की जा रही है दफ्तर के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं भिलाई-3 के पीपी यार्ड रेलवे साइड में बुधवार सुबह सीबीआई की 5 सदस्यों की टीम पहुंची थी। टीम ने यहां पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बाहर से अंदर और अंदरे से बाहर जाने के लिए मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक ङ्क एक कर सभी जिम्मेदार अधिकारियों से पूछताछ की। इसके बाद साइड में मिले तमाम अधिकारियों कर्मचारियों तक से पूछताछ की। लगभग 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद उन्होंने दफ्तर को सील किया।

सनातन धर्म को लेकर भाजपा ने सोनिया गांधी पर साधा निशाना

नई दिल्ली ,14 सितंबर । भाजपा ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयान को लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार पर अपना हमला तेज कर दिया है। भाजपा ने सोनिया गांधी के इटालियन मूल का मुद्दा उठाते हुए कटाक्ष किया है कि उन्हें सनातन धर्म समझ ही नहीं आता है इसलिए जब सनातन धर्म की रक्षा की बात आती है तो वह ट्रांसलेशन के फेर में उलझ जाती हैं। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट से सोनिया गांधी की एक तस्वीर शेयर करते हुए सनातन धर्म के बचाव के मामले में उन्हें सरदर्द होने और सनातन धर्म क्या है।

घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करने आया है : मोदी

सागर,14 सितंबर। एमपी के सागर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीना रिफाइनरी परिसर में पेट्रोकेमिकल्स कांप्लेक्स का भूमिपूजन किया। पीएम इसके साथ पीएम ने मध्य प्रदेश की 10 नई औद्योगिक परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड की ये धरती वीरों की धरती हैज इस भूमि को बीना और बेतवा दोनो का आशीर्वाद मिला है और मुझे महीने में दूसरी बार सागर आकर आपके दर्शन का सौभाग्य मिला है। सनातन पर छिड़े विवाद को लेकर विपक्षी गठबंधन पर जुबानी हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन सनातन को समाप्त करने आया है। सनातन हमारे धर्मगुरुओं का आधार है, सनातन हमारे बलिदानी महापुरुषों का आधार है। विपक्ष समाज को तोड़ने में जुटा हुआ है।

किसी भी देश या राज्य के विकास के लिए यह आवश्यक है कि पूरी पारदर्शिता से शासन चले, भ्रष्टाचार पर लगाम कसी रहे। मध्य प्रदेश में एक वो भी दिन था जब मध्य प्रदेश की पहचान देश के सबसे खस्ताहाल राज्यों में हुआ करती थी। आजादी के बाद जिन्होंने लंबे समय तक देश में राज किया, उन्होंने भ्रष्टाचार के सिवाय कुछ नहीं दिया। ऐसी स्थिति में मध्य प्रदेश में उद्योग कैसे लगते? जब आपने हमें मौका दिया, तब हमने मध्य प्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई यहां कानून व्यवस्था को स्थापित किया। लाल किले से मैंने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति और सबका प्रयास के संबंध में विस्तार से चर्चा की थी। मुझे ये देखकर गर्व होता है कि भारत ने गुलामी की मानसिकता को पीछे छोड़कर स्वतंत्र होने के स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ना शुरु कर दिया है। कोई भी देश जब ऐसा ठान लेता है तो उसका कायाकल्प शुरु हो जाता है। आपने जी20 समिट के दौरान देखा है, गांव गांव के बच्चे के मुंह पर जी20 शब्द आत्मविश्वास से गूंज रहा है।

पीएम ने कहा कि पिछली बार मैं संत रविदास जी के भव्य स्मारक के भूमिपूजन में आया था, आज मध्य प्रदेश के विकास को नई गति देने वाली अनेक परियोजनाओं का भूमिपूजन करने का अवसर मिला है। अब बिना आधुनिक पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स इस पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाई पर पहुँचा देगा, आपको ये गारंटी देने मैं आया हूं।

यात्री बसों में भिड़ंत,10 घायल

गरियाबंद,14 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

आज सुबह 9 बजे नेशनल हाईवे 130 सी में पोड़ के पास दो यात्री बसों की आमने सामने भिड़त हो गई। भिड़त में 8 से 10 लोग घायल हो गए है। सभी को एंबुलेंश के माध्यम से जिला अस्पताल गरियाबंद और उप स्वास्थ्य केंद्र पांडुका पहुंचाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद से राजिम जा रही परमेश्वरी ट्रेवल्स और राजिम से गरियाबंद आ रहे शिवराज ट्रेवल्स की बस के बीच भिड़त हुई है। दोनो ही बसों में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे, जिसमें महिलाए भी शामिल है। घटना जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र की है। इधर, घटना के पास मौके पर चीख पुकार मच गई। बताया जाता है की बस में बड़ी संख्या में महिलाए और स्कूली बच्चे भी थे। स्कूल जा रहे बच्चो ने घटना को पहले देखा। बच्चो ने ही साहस दिखाते हुए घायलों की मदद की। एंबुलेंस और थाने में सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

स्कूली बच्चों से भरी नाव पलटी, कई बच्चे लापता

मुजफ्फरपुर14 सितम्बर। बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार को बड़ा नाव हादसा हुआ है। यहां बच्चों से भरी नाव नदी में पलट गई है। शुरुआती सूचना में बताया गया है कि हादसे में 16 बच्चे लापता हैं। हालांकि मौके पर स्थानीय गोताखोर और गांव के युवक पहुंचकर नदी में बच्चों की तलाश कर रहे हैं। नाव पलटन की सूचना मिलते ही इलाके के लोगों के साथ शासन प्रशासन में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि गायघाट के बेनीबाद ओपी क्षेत्र के मधुपट्टी घाट पर नाव पलटने का हादसा हुआ है। नाव पर करीब 33 बच्चे सवार थे। संतुलन बिगड़ने के चलते नाव नदी में पलट गई। हादसे के बाद स्थानीय गोताखोर बच्चों को निकालने में लगे हैं। उन्होंने कई बच्चों को बाहर निकाला है लेकिन अभी भी कई बच्चे लापता बताए जा रहे हैं। घटना के बाद मौके पर कोहराम मच गया है। लोगों की भारी भीड़ जुट गई है। नदी में तेज बहाव है इस वजह से बच्चों को निकालने में गोताखोरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। बता दें कि घटनास्थल पर पुलिस के कई बड़े अधिकारी मौजूद हैं।

आगामी 25 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक गोवा में होगा 37वां राष्ट्रीय खेल

छत्तीगसढ़ की खेल प्रतिभाओं के लिए सुअवसर

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

राष्ट्रीय खेलों का अपना महत्व होता है। विभिन्न राज्यों के ग्रामीण, शहरी अंचल के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को उजागर करते हैं। इसमें चिरपरिचित और उभरते हुए किशोर, युवा, खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होता है। हार या जीत अपनी जगह है लेकिन ऐसी प्रतियोगिता की वजह से खेल भावना का प्रवाह होता है। लगभग 21वीं शताब्दी के शुरुआत में तीन नये राज्य छत्तीसगढ़, उत्तरांचल, झारखंड का उदय हुआ और अब तेलंगाना राज्य भी अस्तित्व में आ गया है। इस प्रकार खेलकूद में प्रतिभागी बढ़े हैं उनके बीच अविराम संघर्ष की शुरुआत हुई है। हमारे देश में विभिन्न प्रकार के खेल होते हैं जिनमें कुछ पारंपरिक, लोक खेल सदियों पुराने होते हुए आज भी लोकप्रिय है जबकि कुछ आधुनिक खेल होते हैं जिनमें सबसे नवीनतम खेल भारतीय नागरिक राजू दभाडे द्वारा अविष्कृत रोलबाल है। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में 28 प्रमुख खेल सम्मिलित हैं। 37वें राष्ट्रीय खेलों में इस बार 43 खेलों के मुकाबले होंगे जो कि राष्ट्रीय खेलों के 1924 से हो रहे आयोजन का एक कीर्तिमान है। 36 वे राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गुजरात में अचानक किए जाने से गोवा के लिए पूर्व में ही घोषित राष्ट्रीय खेलों को स्थगित कर दिया गया था। उस समय भारतीय संघ के इस निर्णय पर आश्चर्य व्यक्त किया गया था लेकिन गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वह सपना है जो उन्होंने लंबे समय से सहेजकर रखा था। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भारत में विश्व की सबसे प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा आधुनिक ओलंपिक खेलों का आयोजन हो। ऐसी स्पर्धा को कराने के लिए आयोजन संबंधी व्यवस्था खेलों के मुकाबले, अधोसंरचना, परिवहन, भोजन, आवास आदि के गतिविधियों की लिखित और वीडियो क्लिप की आवश्यकता होती है। केंद्र सरकार के खेल विभाग और भारतीय ओलंपिक संघ नई दिल्ली ने इस दिशा में ठोस कार्य किया है और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की आगामी बैठक में 2036 में भारत में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए दावेदारी प्रस्तुत किए जाने की संभावना है। गुजरात के बाद भारतीय ओलंपिक संघ की घोषणा अनुसार एक वर्ष के अंदर ही दूसरी बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में होने जा रहा है अतः भारतीय खेल जगत में प्रसन्नता की लहर छा गई है। गोवा में 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेश और भारतीय सेना की टीमों के भाग लेने की संभावना है। इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष थामस बाक ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में संकेत दिया कि भारत 2036 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी का प्रमुख दावेदार होगा जबकि भारत के खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने भी स्वीकार किया कि भारत में भविष्य में ओलंपिक खेल सम्पन्न हो सकते हैं।

गोवा के पणजी, मापसा, मडगांव, फोंडा तथा वास्को के 26 खेल स्थलों में मुकाबले होंगे। हालांकि गोल्फ, सायकलिंग और निशानेबाजी के मुकाबले नई दिल्ली में होंगे क्योंकि गोवा में सायकलिंग के ट्रेक रेस के लिए वेलोड्रम, शूटिंग रेंज और गोल्फ मैदान नहीं है। गोवा में रोल बाल, लागोरी, गटका, पेचक सिलाट, रांबी को भी मलखंब, योगा के साथ शामिल किया गया है। राष्ट्री खेलों में मुकाबला करने के लिए छत्तीसगढ़ से मजबूत टीम का चयन करना बहुत जरूरी है। इसके लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण तत्काल आरंभ करना होगा।

'जलवायु अनुकूल स्कूल' शुरु

कांकेर,14 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

जिले के 25 विद्यालयों में 'जलवायु अनुकूल स्कूल' पहल की शुरुआत की गयी। इस पहल का क्रियान्वयन पर्यावरण शिक्षण केंद्र (सी.ई.ई.) द्वारा फाउन्डेशन के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम मुख्यतः स्कूलों में छात्रों को गतिविधि आधारित पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक बनाकर और उनमें गतिविधियों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के कौशल विकसित करना है। सी.ई.ई. द्वारा इस कार्यक्रम को शिक्षको के माध्यम से अपने अपने विद्यालय में सफल क्रियान्वयन के लिए जनपद के 25 विद्यालयों के 2-2- शिक्षको को शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), कांकेर, छत्तीसगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में 25 विद्यालयों से कुल 47 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के तहत ये शिक्षक अपने विद्यालयों में छात्रों की एक टीम (इको क्लब) का गठन करेंगे और अपने विद्यालय में सर्वेक्षण कर पर्यावरणीय समस्याओं का पता लगाकर उनके निराकरण पर कार्य करेंगे और बदलाव से जुड़ी अपनी रिपोर्ट को साझा करेंगे। कार्यक्रम में स्कूलों से जुड़े चार प्रमुख विषयों को शामिल किया गया है जिसमें कचरे का उचित निपटान एवं प्रबंधन, जल से जुड़ी समस्याओं को समझना और उनका निराकरण, ऊर्जा की बचत और जैव विविधता का सरक्षण विषय शामिल हैं। इनमें से अपने विद्यालय से सम्बंधित किन्ही दो विषयों पर विद्यालय समूह कार्य करेंगे।

एक नजर

साहित्य मनीषी बलदेव प्रसाद मिश्र की 125 वीं जयंती का आयोजन

भिलाई,13 सितंबर। मानव आश्रम सेक्टर-1 में साहित्य मनीषी डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र जी की 125 वीं जयंती का आयोजन किया गया। परम्परागत रूप से दीप प्रज्वलित कर साहित्य ममर्ज्ञ डॉक्टर मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित की गई। शिवशंकर पटनायक को इस अवसर पर कान्यकुब्ज सामाजिक सामाजिक चेतना मंच की ओर से सांकेत संत सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पधारे पिथौरा के वरिष्ठ साहित्यकार शिवशंकर पटनायक ने छत्तीसगढ़ में किसी विश्वविद्यालय का नाम डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के नाम पर करने की पुरजोर मांग की। ज्ञात हो कि शिव शंकर पटनायक की साहित्यिक कृतियों पर शोध कर कई लोगों ने पी एच डी की है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलासपुर से आए साहित्यकार डॉ. देवधर महंत ने अपने ओजपूर्ण वक्तव्य में डा. बलदेव प्रसाद मिश्र के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। भिलाई के डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी ने भी डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के साहित्यिक अवदान के संकलन पर जोर देते हुए कहा कि आज की पीढ़ी को ऐसे उच्च कोटि के साहित्यकार को पढ़ना और जानना आवश्यक है। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच भिलाई-दुर्ग के मार्गदर्शक पं. बी एम के बाजपेई ने जानकारी दी कि शायद आज अटल विश्वविद्यालय में डॉ. मिश्र की साहित्यिक कृतियों पर शोध पीठ की स्थापना हो जाएगी। इस अवसर पर दुर्ग विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एन पी दीक्षित, सरजूपारी समाज के अध्यक्ष पंडित प्रभूनाथ मिश्र, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच के पूर्व अध्यक्ष आशीष मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष के डी राय एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे। स्वागत भाषण मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित संतोष दीक्षित दिया और कार्यक्रम का संचालन अतुल अवस्थी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मंच के महासचिव पंडित रवीन्द्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर कान्यकुब्ज चेतना मंच, भिलाई के सदस्य, डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र के परिवार के सदस्य और भारी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं मिश्र के साहित्य में रुचि रखने वाले सदस्य उपस्थित थे।

रोका छेका संकल्प अभियान के तहत की जा रही कार्रवाई

भिलाई,14 सितंबर। रोका छेका संकल्प अभियान में पकड़े गये घूमन्तू मवेशियों का शहरी गौठान तथा पशु आश्रय स्थल में पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टेगिंग किया जा रहा है। निगम का राजस्व अमला सड़क दुर्घटना को रोकने सड़क तथा चौक चौराहो से आवारा मवेशियों का घड़पकड़ कर रहा है। आयुक्त रोहित व्यास रोका छेका संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए लगातार मॉनेटरिंग कर रहे है। उन्हे भ्रमण के दौरान जहॉ भी चौक या सड़क पर मवेशी दिखते है, वे तत्काल इस पर कार्यवाही के निर्देश देते है। आयुक्त को हुड़को वासियों ने श्री राम चौक में रात्रि में पशुओं का समुह एकत्र रहने की सूचना दी गई जिस पर राजस्व अमला जोन-05 के सहायक राजस्व अधिकारी के साथ शाम 7 बजे हुड़को पहुॅचकर सम्पूर्ण क्षेत्र से सड़क तथा चौक चौराहो में झुण्ड में बैठे आवारा मवेशियों को काउ कैचर के माध्यम से गौठान में रखा गया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने राजस्व अमले को नियमित रूप से सम्पूर्ण निगम क्षेत्र का भ्रमण कर घुमन्तू मवेशियों की घड़पकड़ करने के निर्देश दिये है। जिसके तहत तीन माह के भीतर 1126 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठान में रखा गया है। इन मवेशियों का एनिमल टैगिंग किया जा रहा है, अभी तक 354 मवेशियो का टेगिंग किया जा चुका है। निगम आयुक्त व्यास के निर्देश पर निगम भिलाई द्वारा तीन टीम बनाई गई है, जो काउ केचर वाहन में संसाधनों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर आवारा मवेशियों को पकड़ निगम के शहरी कोसानगर और डीमार्ट के पास पशु आश्रय स्थल में रख रहे है। जुलाई माह में 278, अगस्त में 684 तथा 11 सितंबर तक 164 सहित कुल तीन माह में 1126 मवेशी पकड़े जा चुके है। निगम क्षेत्र के नागरिक द्वारा निदान 1100 तथा अन्य माध्यम से मवेशियों की शिकायत मिलने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही को अंजाम दे रहे है, टीम ने जी.ई.रोड, आकाशगंगा, हुड़को, वैशालीनगर, पावर हाउस चौक, नेहरू नगर, टाउनशिप क्षेत्र की सड़को पर घुमने वाले घूमन्तू मवेशियों का घड़पकड़ की कार्यवाही कर रहे है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से अपील किया है कि वे अपने पालतू मवेशियों को मोहल्ले के गली अथवा सडक पर नही बांधे तथा सडक मे खुला न छोडे ऐसी स्थिति मे जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

गृहमंत्री ताम्रध्वज ने रिसाली में किया 10 करोड़ से विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रिसाली,14 सितंबर। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के 32 वार्डो में 10 करोड़ 17 लाख 82 हजार से विकास होगा। इस राशि से मंच निर्माण, मरोदा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष, कल्वट, मार्ग चैड़ीकरण, पाथवे समेत नाली निर्माण किया जाएगा। बुधवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं लोकनिर्माण, गृह व कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भूमिपूजन किया। गृहमंत्री ने इस अवसर पर कहा वार्ड के नागरिकों की मांग अनुरूप कार्य स्वीकृत कराया गया है। रिसाली निगम क्षेत्र में अन्य नगरीय निकाय की तुलना में अधिक कार्य हुए है। यहां की तस्वीर बदल चुकी है। उनका प्रयास रहा है कि हर कार्य शीघ्र पूरा हो। यही वजह है कि जितने भी स्वीकृत कार्य है वे चुनाव से पहले पूर्ण करने भूमिपूजन कर रहे है। मंत्री ने मरोदा शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का

भूमिपूजन करते 5 लाख से निर्मित महिला शौचालय का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पीसीसी महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसी अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविंद चतुर्वेदी, सनीर साहू, चंद्र प्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद सविता ढवस, टीकम साहू, सारिका साहू, ममता यादव, माया यादव, शीला नारखेड़े, संजू कुमार नेताम, जमुना ठाकुर, सरिता देवांगन, विनय नेताम, रेखा देवी, ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, जहीर अब्बास, मनीष यादव, अनिल कुमार, सुनंदा चंद्राकर, डॉ. सीमा साहू, विलास बोरकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, डोमन लाल बारले,संगीता सिंह, मो. निजाम, संध्या वर्मा, संतू दास, शिशिर साहू, अजीत कुमार, जी राहुल आदि उपस्थित थे।

सी मार्ट इन व्हील का लोकार्पण

वार्ड 29 लक्ष्मीनगर में गृहमंत्री ने सी मार्ट इन व्हील का लोकार्पण किया। मंत्री ने ऑटो को हरी झंडी दिखाने से पहले महिला स्व सहायता समूह द्वारा तैयार सामान की खरीदी की। उल्लेखनीय है कि अब रिसाली नगर निगम क्षेत्र की महिला समूह द्वारा तैयार सामानों को हाट बाजार के अलावा शहर के नुक्कड़ एवं वार्डो में बिक्री के लिए रखा जाएगा। साथ ही घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मंत्री ने कचरा कलेक्शन करने वाहनों को किया रवाना

क्षेत्रीय विधायक दोपहर निगम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने निगम द्वारा 30 लाख की लागत से खरीदे लो बैक ट्राली और कचरा कलेक्शन वाहन 3 नग टिप्पर (टाटा एस) की पूजा अर्चना कर वार्डो के लिए रवाना किया।

रेन रद्द करने के विरोध में रानू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

कवर्धा, 14 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में मोदी के नाकामी व ट्रेनें रद्द किए जाने के विरोध में रेल रोको आंदोलन में भाग लेकर तहसीदार को ज्ञापन सौंपा गया,इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे,शहर उपाध्यक्ष रचना कोसले, त्रिवेनी मानिकपुरी, संतोषी मानिकपुरी,मुस्कान देशलहरे,अजहर खान,सुखदेव चंद्रवंशी,शैलेंद्र और कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मिलित हुए ।

पंडरिया में प्रथा होंडा ब्रांच पंडरिया का हुआ भव्य शुभारंभ

कवर्धा, 14 सितंबर। पंडरिया में प्रतीक प्रणव और अर्जित भट्टाचार्य एव क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने फीता काटकर प्रथा होंडा ब्रांच पंडरिया का शुभारभ किया । शुभारंभ कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरी राम साहू , नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा , कृषि मंडी अध्यक्ष नील कंठ साहू , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विनोद अग्रवाल , जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजकुमार तिवारी , कवर्धा शहर अध्यक्ष मोहित महेश्वरी , विजय पांडेय , मनीष शर्मा , डाकोर चंद्रवंशी ,नवीन जायसवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे । गुलदस्ता भेंटकर प्रतिक प्रणव , अर्जित भट्टाचार्य और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल का गुलदस्ता भेंटकर सम्मान किया गया । पंडरिया वासियों में खुशी की लहर देखी गई और लोगो का कहना था कि त्योहार का समय है अच्छी गाड़ी प्रथा होंडा में आकर खरीदेंगे ।

कौशल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित सिलाई प्रशिक्षण का समापन

भिलाई,14 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सीएसआर विभाग, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न गतिविधियों और कर्तव्यों के निर्वहन के लिए जाना जाता है, जिनमें से एक नारी सशक्तिकरण भी है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर द्वारा, कौशल विकास योजना के अंतर्गत, आसपास की ग्रामीण महिलाओं को वर्ष 2023-24 में विभिन्न प्रकार के कौशल विकास पर रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया गया। जिसका समापन समारोह 13 सितम्बर को संयंत्र के सीएसआर विभाग में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक (छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर) ए अयाज़ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए अयाज़ ने कहा कि महिलाएं समाज निर्धारक कड़ी होती हैं। उनका समाज में अतुलनीय योगदान होता है। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि यदि ये सभी प्रशिक्षित महिलायें एक समिति का निर्माण कर लेती हैं तो छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास बोर्ड उन्हें कपड़ों की सिलाई आदि का काम दिलाने में पूर्ण सहयोग करेगी। अध्यक्षता सीएसआर के महाप्रबंधक शिवराजन नायर द्वारा की

परिवर्तन यात्रा हेतु भाजपा द्वारा किया गया कार्य विभाजन

भिलाई,14 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के आह्वान पर जिला भाजपा कार्यालय भिलाई में आगामी परिवर्तन यात्रा 20 एवं 21 सितंबर की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में रखी गई ! जिसमें सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए एवम् परिवर्तन यात्रा हेतु कार्यविभाजन किया गया। जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने कहा छत्तीसगढ़ में व्याप्त कांग्रेसी कुशासन से त्रस्त सभी ने एक स्वर में छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की बात जनता कर रही है ! भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में विभिन्न समाज के प्रमुखों से मुलाकात में वरिष्ठ नेता गण सार्थक चर्चा करेंगे। परिवर्तन यात्रा जिसमें समन्वयक ब्रजेश बिचपुरिया रहेंगे 7 सम्पूर्ण परिवर्तन यात्रा में राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय, श्रीमती रमशीला साहू की प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। मीडिया एवं प्रेसवार्ता प्रभारी जयप्रकाश यादव, अमित पाहुजा। जामुल (यात्रा प्रभारी), रेखराम बंछोर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, जागेश्वर सोनी मंडल अध्यक्ष भाजपा, दुर्ग ग्रामीण (रिसाली मंडल) शैलेन्द्र शेन्डे (मंडल अध्यक्ष रिसाली), मोहन देवांगन भिलाई विधानसभा (सेक्टर - 7) (विधानसभा प्रभारी), संजय जे दानी, उपासना साहू, मनोज तिवारी, तिलक राज यादव, गजानंद बंछोर, भागचंद जैन, भिलाई विधानसभा (सभा स्थल प्रभारी) दया सिंह, राजु श्रीवास्तव, मनीष अग्रवाल, एस. एन. सिंह, पीयूष मिश्रा, कुरूद- शिव सागर मिश्रा, भोजराज सिन्हा, श्रीमती स्वीटी कौशिक, विजय शुक्ला, गुरजीत सिंह, हुडको- लल्लन मिश्रा, करण कन्नोजिया, दिनेश यादव, रितेश ठाकुर, सुपेला चौक- संदीप अग्रवाल, विजय शुक्ला, रूपराम साहू, प्रमोद सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, श्रीमती सरला आचार्या, भिलाई नगर विधानसभा परिवर्तन यात्रा प्रभारी योगेन्द्र सिंह, वैशाली नगर विधानसभा परिवर्तन यात्रा प्रभारी- प्रेमलाल साहू, भोजन व आवास व्यवस्था- विजेन्द्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, सामाजिक समन्वय प्रमुख शंकर लाल देवांगन, के. गणपति, सुन्दर लाल साहू, भोजन -आवास एवं जलपान व्यवस्था विजय शुक्ला, राजेंद्र सिंह, बैकुंठधाम- अमर सोनकर, महेश वर्मा, विजय जायसवाल, अशोक गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रमुख- रिकेश सेन, श्याम सुन्दर राव, अमित मिश्रा, भरत भाम्भवानी, रवि कश्यप, राम शर्मा, प्रशांत, मनीष पिपरोल । जामुल से भाजपा कार्यालय तक मोटर सायकल रैली द्वारा परिवर्तन यात्रा की अगुवाई की जाएगी- अमित मिश्रा, विशालदीप नायर, रितेश ठाकुर सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प के अध्यक्ष, संयोजक, पार्षद, छाया पार्षद एवं अन्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र से होकर गुजरने वाली परिवर्तन यात्रा के स्थानीय प्रभारी होंगे। इस अवसर पर भिलाई जिला भाजपा के जिला पदाधिकारी, समस्त कार्यसमिति, समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठ, प्रकल्प, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पार्षद, छाया पार्षद सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

जल प्रबंधन विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई,14 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, मरोदा में 12 सितम्बर को महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथ्य में नई चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में महिला ठेका श्रमिकों के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि कार्मिक विभाग द्वारा महिला श्रमिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से आप अपनी समस्याओं एवं परेशानियों को रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी इस कार्यशाला का भरपूर लाभ उठाये। कार्यशाला में महिला श्रमिकों को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

आजीविका मिशन के सीईओ- सीआरपी को मिला सम्मान

भिलाई,14 सितंबर। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत स्व रोजगार कार्यक्रम के अधीन अलग-अलग योजनाओं में लोन स्वीकृति हेतु कार्य करने वाले महिला सी.ई.ओ तथा सी.आर.पी को निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट ऋण प्रकरणों के निपटान के लिए एचडीएफसी बैंक ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निगम सभागार में सम्मानित किया गया। महापौर नीरज पाल ने सी.ई.ओ तथा सी.आर.पी को सम्मानित करते हुए कहा कि आप लोग मैदानी क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्य का परिचय दिया है, जिसके लिए यह सम्मान प्राप्त कर रहे है। लेकिन इसके बाद आप लोग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, राज्य शासन के हितग्राही मूलक योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाकर शतप्रतिशत लाभ दिलाने से योजना की

सार्थकता सिद्व होगी ये जिम्मेदारी भी आपकी है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि योजना के तहत भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर उनका वेंडर कार्ड बनाने और व्यवसाय को बढ़ावा देने पीएम स्व-निधि से हितग्राहियों को लाभान्वित करने में सीईओ - सीआरपी की अग्रणी भूमिका रही। योजना के बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए निगम के साथ बैंक को समन्वय बनाकर कार्य कर रहे है। इस योजना में सर्वे, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाना या फिर जागरूकता कार्यक्रम सभी जगह आपके द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है, उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए सीओ-सीआरपी को सम्मानित करने वाले एचडीफसी बैंक प्रतिनिधियों को धन्यवाद किया।

80 सीईओ - सीआरपी को मिला सम्मान -

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पीएम स्वनिधि की जानकारी देते हुए योजना के नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि योजना के तहत लोन लेकर जो वेंडर व्यवसाय कर रहे है, और नियमित बैंक का किश्त जमा करने वाले, डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने वाले वेंडरो को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस वर्ष तीसरी किश्त के तहत 50 हजार रू लोन के लिए आवेदन करने वाले 14 हितग्राही वेंडर जिनका लोन बैंक से स्वीकृत हो गया है उनको आज लोन राशि का चेक भी प्रदान किया गया। पीएम स्व निधि के तहत अब तक 11180 स्ट्रीट वेंडर्स को लोन मिल चुका है। योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम लोन 10000 रुपए, द्वितीय लोन 20000 और तृतीय लोन 50000 प्रदान किया जाता है। हितग्राही वेंडर्स से लोन के लिए प्राप्त हाने वाले आवेदनों को स्क्रूटनी कर शीघ्रता के साथ कार्य करते हुए लोन स्वीकृत करने बैंक को भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि, मिशन मैनेजर अमन पटले, एकता शर्मा, नलनी तनेजा सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

तीजा पोरा तिहार के अवसर पर सीएम सहित विधायक ने पूजा की

कवर्धा, 14 सितंबर। तीजा-पोरा तिहार के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके सपरिवार सहित विधायक ममता चंद्राकर ने भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की और साथ में किसानों के महत्वपूर्ण औजार हल और नांदी-बैला की पूजा कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

कुई-कुकदुर के वनांचल क्षेत्र में निवासरत परिवारों की सुविधा के लिए भावना बोहरा ने शुरू की निशुल्क एम्बुलेंस सेवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 14 सितंबर। जनसेवा के प्रति निरंतर कार्यरत भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने एक और सराहनीय पहल करते हुए कुई-कुकदुर के वनांचल क्षेत्र में आपातकालीन सेवा के लिए निशुल्क एम्बुलेंस की शुरुआत की है और मोबाइल नंबर 9754462000, 9755359004 पर संपर्क करके क्षेत्रवासी किसी भी विषम परिस्थिति में इस सेवा का निशुल्क लाभ ले सकते हैं। जिले के कुई-कुकदुर के वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समाज एवं क्षेत्रवासियों को आपातकाल के समय त्वरित उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इसी उद्देश के तहत भावना बोहरा द्वारा एक निशुल्क एम्बुलेंस सेवा का आज शुभारम्भ किया गया जो चौबीस घंटे और सातों दिन वनांचल क्षेत्र में निवासरत लोगों की सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही तीज महोत्सव का भी आयोजन किया गया जिसमें भावना बोहरा ने आदिवासी समाज की महिलाओं के साथ पूरे उत्साह के साथ तीज उत्सव मनाया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन मेरे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, कुई-कुकदुर के वनांचल क्षेत्र में निवासरत आदिवासी समाज एवं परिवारों की सेवा करने का अवसर मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आदिवासी समाज ने हमेशा मुझे अपने परिवार की भांति स्नेह दिया है, अपने प्रमुख त्योहारों और खुशी के अवसर पर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है उनके इस अपार स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए निशुल्क एम्बुलेंस उनकी सेवा में समर्पित किया गया है जिससे आपातकालीन समय में उन्हें तत्काल सहयता उपलब्ध होगी। कुई कुकदुर के वनांचल क्षेत्रो में निवासरत

आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की सेवा करते हुए हमारी संस्कृति के संरक्षण में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा रहें हैं। परन्तु वनांचल क्षेत्र होने की वजह से आपातकालीन समय में उन्हें हो रही तकलीफों और परेशानियों को देखकर हमेशा पीड़ा होती थी और उसके समाधान के लिए मन में भाव आता है। अपने उसी भाव को प्रकट करते हुए उनकी सेवा के संकल्प के साथ हमने यह प्रयास किया है और मुझे विश्वास है की इससे उनके जीवन में एक सकारातमक परिवर्तन आयेगा।भावना बोहरा ने आगे कहा कि आदिवासी समाज का यथार्थ चित्रण उसकी संस्कृति में मिलता है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आदिवासी समाज जल, थल और आकाश से जुड़ा हुआ समाज है। आज हमारी भारतीय संस्कृति व परंपरा को सहेजने में उनके अतुलनीय प्रयासों की जितनी सराहना की जाय वह कम है। कबीरधाम जिले के कुई-कुकदुर और उससे लगे समस्त वनांचल क्षेत्र में मूलतः हमारे आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। जो बरसो से हमारी सांस्कृतिक धरोहरों एवं संस्कृति को संरक्षित करने में अपना विशेष योगदान दे रहें हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा भी यह दायित्व बनता है कि उनके इस अतुलनीय प्रयासों को सम्मान मिले।उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज द्वारा हमेशा मुझे एक अपनत्व एवं परिवार के सदस्य की भांति सहयोग मिलता रहा है। कुई-कुकदुर एक वनांचल क्षेत्र होने की वजह से यहां के निवासियों को किसी भी विषम परिस्थिति, दुर्घटना और गर्भवती माताओं व बहनों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलने में देरी होने से अनहोनी होने की संभावना एवं गर्भवती माताओं व बहनों को अस्पताल से घर व घर से अस्पताल आने-जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। उनकी इसी दुविधा एवं समस्याओं के समाधान के लिए कुछ करने की जिज्ञासा से आज हम यह कार्य करने में सफल हुए हैं। इस एम्बुलेंस के संचालन में भाजपा कुकदुर मंडल के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ता साथियों का भी विशेष सहयोग हमें मिला है जिसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूँ। भावना बोहरा ने आगे कहा कि यह निशुल्क एम्बुलेंस सेवा आपातकालीन सेवा के साथ-साथ वहां की गर्भवती महिलाओं को त्वरित अस्पताल ले जाने एवं अस्पताल से घर तक पहुँचाने में मददगार साबित होगी जिससे माँ और बच्चे सुरक्षित रहेंगे साथ ही क्षेत्रवासियों को भी अन्य आपातकाल के समय त्वरित उपचार मिलेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा मुझे एक बेटी की भांति आशीर्वाद प्रदान कर हर पथ में सहयोग दिया है। उनके इस अपार स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एवं आपातकाल के समय में उनकी पीड़ा को महसूस करते हुए हमने यह एक सार्थक प्रयास किया है और मुझे विश्वास है कि हमारे इस प्रयास से उन्हें मदद मिलेगी और समय पर बेहतर उपचार मिलेगा।विदित हो की भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिले सहित आस-पास के जिले में निवासरत हर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, सामाजिक, धार्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, खेल और गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य के साथ लगातार सक्रीय भागीदारी निभाते हुए उनके द्वारा अनवरत कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष बिहारी धुर्वे, जिला मंत्री रोशन दुबे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री इश्वरी धुर्वे, भाजपा कुकदुर मंडल अध्यक्ष रतिराम भट्ट, उत्तम मसकोले, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, पप्पू धुर्वे, दीपा धुर्वे, मंडल अध्यक्ष राघवेन्द्र वर्मा, मंडल महामंत्री बसंत वाटिया, मंडल महामंत्री संतोष श्रीवास,चन्द्रकुमार सोनी, बसंत बोहरा, राजेन्द्र साहू, धरमपाल कौशिक, बसंत शर्मा, दीपक सलूजा, कुंडा मंडल महामंत्री गीता घासी साहू, पंचराम धुर्वे, कृष्णा देवांगन, सीधराम, मनहरण सोनी,रुपेश तिवारी,रवि साहू, दिलीप शर्मा, शोभित धुर्वे, मनहरण श्रीवास, राकेश, यशवंत श्रीवास, विजय मरकाम, भागऊराम, भईस्वार मस्कोले मसकोले, धनसिंह मसकोले, भागसिंग मरावी, लखन परस्ते, कोदूराम परस्ते,जगदीश मरकाम, दयाराम धुर्वे, शोन साय, अशोक मरावी, रोहित परस्ते, रामभरोसा माढपुर, संजय जैन, धनीराम परस्ते, राहुल जैन, देवनाथ यादव, मुकेश जैन, चेतन शुक्ला, महादेव कौशिक, परमानन्द शर्मा, ध्रुवदत्त दुबे, गजराज कौशिक, संजय साहू, गौकरण, युवराज ठाकुर,शिव चंद्रवंशी, शिवनाथ वर्मा, कोमल साहू, कुमार कौशिक, चन्द्रकुमार कौशिक, प्रमोद दस मानिकपुरी, संजय साहू,संतोष वैष्णव, संजू तिवारी, धनराज सिंह,सत्यम अग्रवाल, वेदबती खुसरो, लीला बघेल, सुरेश साहू, गोपाल कौशिक, भास्कर देवांगन सहित सभी मोर्चा,प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

एक नजर

हत्या के आरोपी को 10 वर्षो का कारावास

डोंगरगढ़ 14 सितंबर। 10 फरवरी 2020 को शाम को 6.00 बजे सार्वजनिक स्थान पर आरोपी भूपेन्द्र वर्मा ने अपने घर के पास माँ-बहन की अश्लील गाली देकर तथा जान से मारने की धमकी देकर अपराधिक अभित्रास कारित किया उन्हें रात्रि 8.00 बजे मृतक के घर ग्राम पारागांवखुर्द में मृतक के सिर, चेहरे, गर्दन एवं सिने में हाथ-मुक्का से मार कर संघातिक चोट पहुंचाया जिसे राजनांदगांव हास्पीटल में भर्ती कराया गया तथा उपचार के दौरान संतोष वर्मा की मृत्यु हो गई। इस आशय की रिपोर्ट घटना के दुसरे दिन प्रार्थी रूमनदास के थाना डोंगरगढ़ आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया, पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 75/20 धारा 294, 323, 506 भा.द.स. रिपोर्ट दर्ज किया तथा विवेचना के दौरान गवाहों का कथन लेखबद्ध किया गया। मृत्यु होने के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 323 भा.द.स. के स्थान पर 302 भा.द.स. में सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे द्वारा परिस्थितियों तथा अपराध के तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त को धारा 304 भाग-1 भा.द.स. के अपराध में न्यूनतम 10 वर्ष का सक्षम करावास एवं 1000/5 रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया है, अर्थ दण्ड कि राशि अदा न करने की स्थिति में 3 माह का अतिरिक्त दण्ड भुगतने का आदेश दिया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अशोक लिल्हारे के द्वारा पैरवी की गई।

कौशल्या माता आज तीजा मनाने मायके चंदखुरी पहुंच गईः पुरुषोत्तम चंद्राकर

रायपुर 14 सितंबर। कौशल्या माता संग तीजा तिहार इस कार्यक्रम के तहत कल शाम

कौशल्या माता अपनी मायके चंदखुरी पहुंच गई .आज पीलू राम साहू मूर्तिकार से मूर्ति लेकर श्रीमती प्रभा यादव के निवास चंदखुरी गाजा बाजा के साथ ले जाया गया बरसते पानी में बड़ी संख्या में गांव वालो ने बहुत उत्साह से स्वागत किया। आयोजक संस्था चित्रोत्पला लोक कला परिषद के निदेशक तथा इस कार्यक्रम के परिकल्पना संयोजक राकेश तिवारी ने बताया कि मूर्ति की स्थापना 15 सितंबर को दोपहर 3 बजे की जाएगी तथा प्रतिदिन सुबह शाम पूजा पाठ आरती भी किया जाएगा.पहली आरती में राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास जी महाराज अध्यक्ष गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ , संस्कृत विद अशोक तिवारी , पुष्पा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि मां कौशल्या की प्रतिमा ले जाने के पहले विधि विधान पूर्वक अगरबत्ती धूप लगाकर पूजा अर्चना फूल माला नारियल एवं लुगरा भेट कर चढ़ाया गया। परघवनी गीत और भजन के साथ मैय्या कौशल्या का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संयोजक राकेश तिवारी कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकार , हेमलाल पटेल,मोहन साहू,मनीष लेदर, प्रभा यादव, घसिया राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में गांव वाले उपस्थित थे।

बॉस एप्लायंसेज ने क्रांतिकारी 5 साल की वारंटी के साथ भारत का पहला हैंड ब्लेंडर पेश किया

रायपुर 14 सितंबर। 1985 के समृद्ध इतिहास के साथ, बॉस ने दृढ़ता, निरंतर विकास और रणनीतिक सुधार के साथ अपने मिशन की शुरुआत की। इसका परिणाम भारत के पहले हैंड ब्लेंडर का निर्माण था, एक ऐसा उत्पाद जिसने न केवल खाना पकाने की प्रथाओं को फिर से परिभाषित किया बल्कि भारतीय घरों के संचालन के तरीके को भी आकार दिया। बॉस रसोई नवाचार के एक पावरहाउस के रूप में विकसित हुआ है, जो मिक्सर ग्राइंडर, जूस एक्सट्रैक्टर, फूड प्रोसेसर, ओवन टोस्टर ग्रिलर और कई अन्य उत्पादों सहित विविध प्रकार के उत्पादों में विस्तार कर रहा है। एक दूरदर्शी दृष्टिकोण और असाधारण मूल्य प्रदान करने के प्रति समर्पण के साथ, बॉस ने एकल उत्पाद की पेशकश से लेकर 13 अलग-अलग श्रेणियों में 60 से अधिक उत्पादों को शामिल करते हुए एक व्यापक उत्पाद श्रृंखला तक विस्तार किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि 6000 से अधिक रिटेल विक्रेताओं की मजबूत रिटेल उपस्थिति के साथ-साथ एक विशाल पैन इंडिया सेवा नेटवर्क द्वारा समर्थित है। बॉस अप्लायंसेज की पेशकशों ने न केवल भारतीय परिवारों के दिलों, विश्वास और पसंद पर कब्जा कर लिया है, बल्कि मध्य पूर्व, एशिया, अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी छाप छोड़ी है।

शौचालय नहीं होने से हाईस्कूल की डेढ़ सौ छात्राएं हो रही हैं शर्मसार

- अव्यवस्था के बीच हो रहा है विद्यालय का संचालन
- क्षेत्रीय विधायक को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

नगरी/ मगरलोड 14 सितंबर। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक मुख्यालय मगरलोड के हायर सेकंडरी स्कूल में सह शिक्षा के चलते लगभग डेढ़ सौ बालिकाएं अध्यनरत हैं लेकिन इस स्कूल में छात्राओं के लिए अलग से यूरेनस व शौचालय नहीं होने के कारण छात्राओं को शर्मसार होना पड़ रहा है,

विकास की दावा करने वाली विधायक को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहनलाल चक्रधारी के द्वारा कई बार बालिकाओं के लिए

अलग से शौचालय बनाने के लिए निवेदन किया जा चुका है इसके बावजूद भी छात्र-छात्राओं के लिए एक शौचालय तक नहीं बनवा सकी है

जबकि नियमानुसार स्कूलों में लड़के और लड़कियों, के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय होते हैं, लेकिन इस स्कूल में छात्र और छात्राएं मजबूरी मे एक ही टॉयलेट और यूरेनस का इस्तेमाल करने मजबूर है

गौरतलब है कि मगरलोड ब्लाक मुख्यालय में नगर के मध्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन 1965 से किया जा रहा है,यह स्कूल सबसे पुराना है, और उसी हाईस्कूल में हायर सेकेंडरी संचालित हो रहा है, नगर के बीचोंबीच होने के कारण कोई भी शासकीय कार्य जैसे चुनाव से संबंधित,ओपन परीक्षा, इको क्लब स्टूडेंट पुलिस कैडेट सहित अन्य कार्य इसी स्कूल में संपन्न कराया जाता है, इसके बावजूद स्कूल के समस्याओं को लेकर ना तो जिला प्रशासन गंभीर है ना ही शिक्षा विभाग प्रशासन के इस रवैए के चलते स्कूल अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है,इस पुराने स्कूल में व्याप्त समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से लेकर कलेक्टर जनदर्शन, जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रिय विधायक को अवगत कराया गया है, ऐसी कोई जगह नहीं बचा होगा जहां फरियाद नहीं किया हो इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है

शाला प्रवेश उत्सव के मौके पर विधायक को आमंत्रित किया गया था जिसमें शामिल भी हुई इस दौरान शाला के समस्या से अवगत भी कराया गया, विधायक ने खुद अपनी आंखों से देखी भी, इसके बावजूद बालिकाओं के हित में एक शौचालय व युरेनेस नहीं बनवा पाई

नगर पंचायत मगरलोड की लापरवाही आई सामने

जर्जर भवन को मरम्मत कराने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत राशि आया है जिसका कार्य एजेंसी नगर पंचायत को बना दिया गया है, शासन के आदेशानुसार 16 जून 23 तक मरम्मत का कार्य पूर्ण करना था लेकिन नगर पंचायत के गैरजिम्मेदाराना हरकत के चलते आज तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

नगरी नगरपंचायत में फर्जीवाड़ा, मृत महिला की भूमि का दूसरे के नाम पर करारोपण

- 2021 में मृत महिला के भूमि का नामांतरण 2022 में पक्ष विपक्ष दोनों शामिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 14 सितंबर। नगर पंचायत नगरी में खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है कार्यवाही नहीं होने से भ्रष्टाचारियों के दिन प्रतिदिन हौशले बुलंद होते जा रहे है, आपको बता दें कि पक्ष और विपक्ष के मिली भगत से फर्जीवाड़ा का एक बहुत बड़ा मामला सामने आया है नगर पंचायत में बैठे अधिकारी कर्मचारी इस फर्जीवाड़े में शामिल है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है, गौरतलब है कि रानी दुर्गावती वार्ड क्रं 6 निवासी मृतक महिला अग्नि बाई निषाद का खाली पड़ा

भुमि का नगर पंचायत नगरी के राजस्व विभाग के द्वारा डिमांड पंजी से नाम विलोपित कर दिनांक 22/7/2022/ पत्र कं 745/ के द्वारा दावा आपत्ति जारी किया था, इसके बाद एक माह के अंदर क्रेता नवीन सिंह परिहार, निवासी पं दीन दयाल उपाध्याय वार्ड क्रं 5 के नाम पर करारोपण कर दिया गया है,जबकि महिला अग्नि बाई निषाद का मृत्यु दिनांक 28/8/2021 को हो गया है, गौर करने वाली बात है कि अग्नि बाई निषाद के चार पुत्र है जिनके नाम दीनदयाल निषाद,दीनू निषाद, कन्हैयालाल निषाद,प्रेम लाल निषाद है इन सभी लोगों का भी मृत्यु हो चुका है, नगर पंचायत के मुख्य नगर पंचायत अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से बिना फौती काटे ही फर्जी रूप से करारोपण कर दिया गया है, खाली भुमि समतल है उसके बावजूद मलमा ब्रिक्री के नाम पर लाखों में लिखा पढी कर दिया गया है, जबकि शासन के नियम अनुसार अग्नि बाई निषाद के मृत्यु के बाद सभी मृतक पुत्रों के परिवार के सहमति से भुमि का करारोपण/नामत्रंण करना था लेकिन नगर पंचायत नगरी के मुख्य पालिका अधिकारी/अध्यक्ष/पार्षद/सभापति अधिकारी कर्मचारी द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है, इससे ऐसा प्रतीत होता है की इस मामले पर भारी भरकम लेनदेन कर इस कार्य को अंजाम दिया गया है जो जांच का विषय है, राजस्व विभाग के सभापति भूपेंद्र साहू से इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने पर उन्होंने कहा है कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है यह कार्य मुझे अंधेरे में रख कर किया गया है। मामले को संज्ञान में लेकर जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उत्तम साहू ने इसकी लिखित शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को किया है,और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

राजनीति विज्ञान विभाग में परिषद गठित

डोंगरगढ़ 14 सितंबर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डा. ई. वी. रेवती के दिशा निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर एवं अनिमा मिंज के मार्गदर्शन में 11 सितंबर को राजनीति विज्ञान विभाग में परिषद गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वल के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ई वी रेवती का स्वागत राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रदीप जाम्बुलकर जम्बुलकर के द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया । अनिमा मिंज ने पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष पद के रूप में एम. तृतीय सेमेस्टर से आंचल निषाद को चुना गया, उपाध्यक्ष के रूप मे एम. प्रथम सेमेस्टर से एकांत दुबे को चुना गया , सचिव पद के रूप मे एम.ए.तृतीय सेमेस्टर से विकास महोबिया को चुना गया, सहसचिव के पद के रूप में एम. ए प्रथम सेमेस्टर से रोशन चंद्रवंशी को चुना गया, कोषाध्यक्ष के पद के रूप में अमन नामदेव को चुना गया, उपकोषाध्यक्ष के पद के रूप में मुनेश साहू को चुना गया, ग्रणाथालय प्रमुख के पद के रूप में लाकेश्वरी मांडवी को चुना गया है। सभी चयनित पदाधिकरियों का स्वागत प्राचार्य द्वारा बैच पहनाकर किया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों एवं छात्र छात्राओं को विभागाध्यक्ष प्रदीप जाम्बुलकर ने बधाई देते हुए विभागीय गतिविधियों के साथ शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने प्रेरित किया।

कांग्रेस नेत्री प्रभा साहू को डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने की मांग जनता कर रही

- डोंगरगांव विधानसभा को एक सक्रिय विधायक की जरूरत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 14 सितंबर। क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहकर कार्य करने वाली, जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस कमेटी के प्रभा साहू जी निरंतर जन सेवा कर लोगों के बीच में अपनी अलग छवि बनाए हुए एवं क्षेत्र की जनता की लोकप्रिय बनी हुई है जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू क्षेत्र के किसानों की बात हो या विकास की बात हो उसे समस्या का समाधान करने के लिए निरंतर लोगों के बीच तत्पर रहती है एवं उस समस्या का समाधान करती है प्रभा साहू जिला पंचायत सदस्य 2011 से निरंतर कांग्रेस पार्टी के लिए एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही है साथ ही विपक्ष की लड़ाई में हर समय वहां अपना समुचित योगदान दिया है

प्रभा साहू जन सेवा कर 2009 से सामाजिक संस्थाओं में कार्य कर महिला सशक्तिकरण को लेकर जिला से लेकर राज्य स्तरीय विभिन्न प्रकार के पुरस्कार से सम्मानित है महिलाओं को लेकर निरंतर स्वरोजगार अपनाने एवं उसे रोजगार प्रदान में आज राजनांदगांव जिले में एक विशिष्ट पहचान बनाई हुई है इंदिरा महिला शक्ति संगठन के माध्यम से आज 8000 से ज्यादा गांव की महिलाएं स्वयं का रोजगार अपनाकर सशक्त हुई है प्रभा साहू जिला पंचायत सदस्य 2019-20 की चुनाव में जिला पंचायत सदस्य जीतकर कांग्रेस पार्टी से अध्यक्ष की दावेदारी भी किया है

आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र को एक ऐसी ही सक्रिय विधायक की जरूरत है जो निरंतर क्षेत्र की जनता की आवाज को सुने एवं उनके समस्याओं का समाधान करने में तत्पर रहे तथा गरीब एवं मजदूरों का हमेशा साथ दें

आज डोंगरगांव विधानसभा के क्षेत्र प्रभा साहू जी को कांग्रेस पार्टी से विधानसभा में विधायक के टिकट देने की मांग करती है ताकि डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो सके एवं क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान हो सके।

शक्तिवाहिनी के दही लूट व सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 14 सितंबर। जन्माष्टमी के उपलक्ष में शक्ति वाहिनी द्वारा स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण में दहीहंडी लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और छोटे-छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी रखी गई7 प्रथम श्री कृष्ण भगवान की पूजा आरती की गई उसके पश्चात छोटे बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई और उसके पश्चात महिलाओं और यूवतियों द्वारा सामूहिक एवं एकल नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई 7 प्रस्तुति के पश्चात समिति के द्वारा सभी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए 7 उसके पश्चात दही हांडी लूट का कार्यक्रम हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवतियों ने टोली बनाकर दही हांडी लूटी जिसमें पिपलेश्वर महादेव थाना चौक की टीम की यूवतियों ने दहीहंडी लूट का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया 7 कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर की महिला बहने और युवतियां शामिल हुई 7 तथा शक्ति वाहिनी समिति की बहने भी बड़ी संख्या में शामिल हुई जिसमें प्रमुख रूप से वैशाली देशकर ज्योति बड़वाईक दर्शना वेगड पूजा सिंह राजपूत सीमा मिश्रा नमिता चौबे सविता साहू पूनम ठाकुर हर्षा देवांगन मधु महोबिया गुलशन खांडेकर नम्रता सिसोदिया वंदना सिसोदिया स्मृति वर्मा सुनीता बघेल कविता नामदेव रजनी चौरसिया संतोषी यादव ललिता नामदेव कविता ठाकुर स्मृति वर्मा सौम्या भारद्वाज राखी प्रसाद शारदा अग्रवाल अमिता गोमास्ता धनश्री गिरधर संगीता राजपूत कविता यादव नीता तराने संगीता मोहने प्रीति पाल अंजू चौधरी शारदा भोंडे प्रीति गौतेल ज्योति गौतेल सहित बडी संख्या में समिति के सदस्य शामिल हुये।

वन विभाग के दैनिक वेतनभोगियों ने भाजपा को सौंपा ज्ञापन

छुरिया14 सितंबर। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारियों के आव्हान पर , संभाग उपाध्यक्ष दुर्ग हारुन मानिकपुरी के नेतृत्व में जिला ईकाई राजनांदगांव के पदाधिकारियों द्वारा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासीदास साहू एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के मांगों को घोषणा पत्र शामिल करने ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में नियमितीकरण करने का घोषणा पत्र जारी किया गया था , किन्तु आज पांच साल बीतने के बाद भी नियमितीकरण नहीं करने दैनिक वेतन भोगी संगठन बहुत ही नाराज़ हैं और भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को दैनिक वेतन भोगियों के नियमितीकरण के मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में घोषणा पत्र में शामिल करने ज्ञापन सौंपा जा रहा है इसी प्रकार आज खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता घासीदास साहू जी को छुरिया में भाजपा कार्यालय उद्घाटन अवसर पर दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ राजनांदगांव के जिला ईकाई द्वारा ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर मुख्य रूप से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ से उपस्थित थे। संभाग उपाध्यक्ष दुर्ग हारुन मानिकपुरी, जिला उपाध्यक्ष जनक चौधरी, विनोद कुमार साहू, बीरबल दास साहू, रेवाराम सिंहा, रमेश कुमार उइके,उमनदास,भारतलाल उसेंडी, आलोक कुमार लाडेकर,धम्मन लाल, जयहरी, बसंत प्रजापति, बिष्णु यादव खुज्जी ,एवन पडोटी बागनदी, प्रकाश टेम्बुरकर जोब, जाकिर बेग चिरचारी सहित दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

गाणेश राम पटेल का सेवानिवृत होने पर किया सम्मान

राजनांदगांव 14 सितंबर। समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द में राजाराम कारखाना मे श्रमिक गणेश राम पटेल जी का सेवानिवृत्ति होने पर शाल श्रीफल प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित योगेंद्र दास वैष्णव अध्यक्ष राष्ट्रीय गुलुकोश कारखाना द्वारा निवास धामसरा पहुंचकर शामिल हुआ तथा गणेशाराम पटेल मिलनसार हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे कारखाना में 20 वर्ष सेवा दिया एवं गणेश राम पटेल ऐसे व्यक्ति हैं जिनके परिवार में आज भी संयुक्त रूप से 25 लोग शामिल है तथा अपने सेवानिवृत्ति तथा नाती तनिष के जन्मदिन सभी श्रमिक एवं परिवारजन ने मनाया और एक श्रमिक होने के नाते उन्होंने कार्य कुछ अच्छा से समझा था इसलिए श्रमिक के परिवार वाले ने बैलगाड़ी सजाकर राजाराम कारखाना से निज निवास धामनसरा बैलगाड़ी में लाना गया एवं परिवार वाले एवं ग्रामवासी में संपूर्ण उपहार स्वरूप सामग्री प्रदान किया सभी श्रमिक साथियों परिवार टावेल भेंट विदाई किया साथ में इंचार्ज देवनारायण ईश्वर रजक हगरू यादव भागवत वर्मा बिसंबर साहू जगन्नाथ साहू अरूण ठाकुर दावरा ठाकुर भीष्म ठाकुर मनोज ठाकुर छन्नू ठाकुर यदु निषाद उपसरपंच कृत लाल पटेल सहित परिवार जन गामीण जन उपस्थित रहा।

रेल प्रशासन के खिलाफ कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 14 सितंबर। दैनिक यात्रियों सहित आम जनता को ट्रेनों की लेट लतीफी से हो रही परेशानियों का मुद्दा ले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ब्लॉक डोंगरगढ़ के कांग्रेसीयो ने स्टेशन परिसर में नारेबाजी करते धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया गया। रेल रोको आंदोलन के तहत डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस शहर व ग्रामीण मंडल सहित घुमका व मुड़ीपार मंडल के ग्रामीण कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में विधायक निवास से विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में शहर पैदल मार्च करते मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते प्लेटफार्म नं. 01 कालकापारा पहुँच पुलिस के द्वारा लगाए बैरीकेट को लाँघते हुए अंदर घुस गए हालाँकि रेलवे सुरक्षा बल व लोकल पुलिस ने आंदोलनकारियों को रेल पटरी पर जाने से रोक लिया और आंदोलनकारी कालकापारा टिकिट काउंटर के सामने मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रेलवे प्रशासन की तनाशाही रवैये पर खरी खोटी सुना कोसने लगे। इस अवसर पर विधायक भुनेश्वर बघेल सहित कांग्रेसी प्रवक्ताओं ने मीडिया के समक्ष संबोधन में कहा कि देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेल सुविधा वर्षो से भारतीय रेल आम जनता का भरोसेमंद सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय

हुआ करता था, जिसे मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुए निजी हाथों में देने के कारण से आये दिन ट्रेनो के परिचालन को निरस्त कर रही हैं। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेने प्रमुख अवसरो मुख्यतः रक्षाबंधन, दीवाली, शीतकालीन, और शादी व्याह के समय पर रदद कर दी जाती है। छत्तीसगढ़ से जाने वाली नौतनवा और सारनाथ एक्सप्रेस 64 दिन तक रदद कर दी गयी जिसके कारण दो महीने तक लोग अस्थि कलश गंगा में विर्सजित नही कर पाए। वर्तमान में 24 ट्रेनो का परिचालन रदद कर दिया हैं । खत्म कर दी छूट जारी सिर्फ जनता की लूट रेलवे में मिलने वाली बुजुर्गों की छूट समाप्त छात्रों को मिलने वाली रियायत समाप्त, किराए में बेतहाश वृध्दि, प्लेटफार्म टिकिट में कई गुना वसुली, जिससे दैनिक यात्री सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारी, पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं, कामगार, नौकरीपेशा आम यात्री को सुविधा से वंचित होना पड़ रहा हैं। वहीं कांग्रेसियों के धरना प्रदर्शन को शांत कराने के लिए पुलिस व रेलवे प्रशासन को 2 घंटे का समय लग गया व रेलवे अधिकारियों के द्वारा व्यवस्था में सुधार लाने का पुनः आश्वासन दे झुनझुना पकड़ाते हुए मंडल रेल प्रबंधन द.पू.म.रे. नागपुर डिवीजन के नाम ज्ञापन लें शांत कराया गया। दूसरी ओर पूर्ववर्ती केन्द्र की कांग्रेस सरकार द्वारा रेल यात्रीयों को सुविधा दी गई थी उसे पुनः जनहित में बहाल करने की मांग की गई। आंदोलन के दौरान विधायक व अनुसुचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शोभाराम बघेल,पीसीसी संयुक्त महामंत्री प्रदीप शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष गण डोंगरगढ शहर संजीव गोमास्ता ग्रामीण सुरेश सिन्हा मुढ़ीपार कोमल साहू व घुमका रतन यादव एल डी एम राजेन्द्र यदु संध्या देशपांडे नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम ओमप्रकाश साहू युकां जिलाध्यक्ष संदीप गहरवार सौरभ वैष्णव हर्षिता स्वामी बघेल शिशुपाल भारती आरती महोबिया सोहेल खान हरिश भंडारी राजू राजपूत तरुण फुले अमन उज्जवने जितेन्द्र भाटिया शिवानंद यादव लता साहू चुमन साहू ममता शिन्दे फिरंगी पटेल ललिता साखरे दिनेतु जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

रेल यात्रियों की सुविधा में बाधा बर्दाश्त नहीं:कांग्रेस

राजनांदगांव 14 सितंबर। केंद्र सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए यात्री ट्रेनों को निरस्त कर जन सुविधा के साथ खिलवाड़ और अन्याय कर रही है इसके विरोध में बुधवार 13 सितम्बर को शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेसजनों द्वारा चौथे चरण के अंतर्गत रेल रोको आंदोलन कर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि रेल रोको आंदोलन के चतुर्थ चरण के तहत पिछले तीन वर्षो से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने

वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेको बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेल्वे की इस मनमानी से परेशान हो रहे है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त निर्देशन में पोस्ट आफिस चौक से आक्रोश रैली निकाली जो केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी व ट्रेनों को रद्द किये जाने रेलवे के निजीकरण के विरोध में तथा यात्री ट्रेन सुविधाओं को बहाल करने की मांग को लेकर नारेबाजी कर स्टेशन मास्टर आर के बर्मन को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि त्योहारों छुट्टियों शादी व्याह के सीजनों मे रेलवे बिना बताये बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेन्स बताया जाता है। जबकि उन्ही ट्रेको पर यात्री ट्रेनों से 50गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया। रेलवे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन मे लगातार कोताही बरती जा रही उससे स्पष्ट हो रहा की रेल्वे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही, यह जानबूझ कर किया जाने वाला षड़यंत्र है ताकि जनमानस मे रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथो विशेषकर अडानीसमूह को सौप सके।रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है आजादी के पहले और बाद मे भी सभी सरकारों नें घाटा उठा कर भी जनहित मे रेल्वे का संचालन अनवरत जारी रखा। रेल्वे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करे साथ ही यात्री सुविधा विकलांग बुजुर्ग रिटायर्ड सैनिको छात्रों, बच्चो को पूर्व में मिलने वाली रियायते बहाल की जाय तथा रेल्वे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल बिराम लगे।

युवक पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

राजनांदगांव 14 सितंबर। प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12.09.2023 को रात्रि करीबन 08:45 बजे अपने घर से खाना खाकर अपने दोस्तो के साथ घुमने सदर बाजार की ओर जा रहा था कि चिखली डॉ0 देवांगन क्लिनिक के पास बिलासपुर निवासी राजेश साहू एवं शशिकांत वैष्णव उर्फ मोनु दो युवक प्रार्थी के मो0सा0 को रोककर स्वयं को बैठाकर राजनांदगांव की ओर ले जाने कहने लगा जिसे प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी युवको द्वारा प्रार्थी को अपने पास रखे बीयर के बोतल को तोडकर प्रार्थी के गर्दन पर हत्या करने की नियत से वार किये जिससे प्रार्थी के बाए गर्दन में चोट लगने से काफी खून बहने लगा तब प्रार्थी के दोस्तों द्वारा बीच बचाव किया गया एंव परिजनों को सूचना देने पर ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव में भर्ती किये कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 307,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, मामले के जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया।

संपादकीय

सनातन का विरोध क्यों?

देश में सनातन को मानने वाले बहुसंख्यक हैं। लोकतंत्र में बहुमत का बड़ा महत्व होता है। लोकतंत्र में बहुमत की बात ही मानी जाती है। जो बहुमत कहे वही सही होता है। वही मान्य होता है, जिसके साथ बहुमत होता है, सत्ता भी उसके हाथ में होती है। देश में बहुमत सनातन को है तो सत्ता सनातन को मानने वालों के पास ही रहेगी। राजनीति में उसकी हिस्सेदाती भी तो ज्यादा होगी। इसे जाति की राजनीति करने वाले स्वीकार नहीं कर पाते हैं। वह जाति के आधार पर तो कहते हैं जिस जाति की जितनी आबादी है, उसे उतना आरक्षण मिलना चाहिए। राजनीति में उतनी हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए। लेकिन जब यही फार्मूला सनातन के लिए अपनाने की बात आती है तो जाति की राजनीति करने वाले इस मानने से इंकार कर देते हैं तथा सनातन की बुराई करते हैं, सनातन को देश व समाज के लिए बुरा बताते हैं, बीमारी बताते हैं। उसे समाप्त करने की बात करते हैं। यही हो रहा है, यह करने वाले जातिवादी लोग हैं। वह खुद जाति को समाप्त करना नहीं चाहते हैं। वह जानते हैं कि जाति के कारण कुछ बुराइयां हैं लेकिन जाति से फायदा यह है कि उससे चुनाव जीता जा सकता है और सत्ता हासिल की जा सकती है। राजनीतिक फायदे के लिए जाति को बेहतर तथा सनातन को कमतर इसलिए बताया जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में देश की राजनीति बदल गई है। हिदुत्व व सनातन के नाम पर देश में जाति में बंटे हुए लोग अब एकजुट हो रहे हैं। उनकी एकजटता का परिणाम यह हुआ है कि केंद्र का चुनाव जीतने में जाति का गणित जितना काम आता था वह अब काम ही नहीं आ रहा है। जातिवादी व अल्पसंख्यत तुष्टिकरण कर सत्ता का सुख भोगने वाले दस साल से सत्ता से बाहर हैं, उन्हें कुछ नहीं तो यह बात समझ में आ गई है कि सनातने व हिदुत्व की जितनी बात देश में होगी, उसको बढ़ावा देन की जितनी बात देश में होगी उसे जितना अच्छा बताया जाएगा, लोग उसकी तरफ जाएंगे, उससे जुड़ेंगे। उसे स्वीकार करेंगे। पिछले दस साल में भाजपा व मोदी ने हिदुत्व व सनातन की खूब बात की है,उसे बढ़ावा दिया है, सनातन के तीर्थस्थलों को भव्य बनाया गया है। साधु संत जो राजनीति से बाहर कर दिए गए थे, वह समझ रहे हैं कि इस देश में सनातन की एकजुटता के लिए जरूरी है लोगों को बताया जाए कि आप पहले सनातनी है, उसके बाद किसी जाति के। बात सनातन की हो तो आपको एकजुट होकर होकर फैसला करना होगा। आप एकजुट रहोगे तो सत्ता सनातनियों के पास रहेगी। वह अपन हित के फैसले कर सकेगा। साधु संत समाज से आए योगी आदित्यनाथ ने तो मिसाल कायम की है। उन्होंने साबित किया है कि कोई साधु संत समाज से राजनीति में आएगा तो वह संत समाज सहित सनातन का भला करेगा। कई कथा कहने वाले कथावाचक भी इन दिनों सनातन का प्रचार कर रहे हैं। इनमें बागेश्वर धाम के थीरेंद्र शास्त्री सबसे आगे हैं। वह तो जहां भी जाते हैं सनातनियनों की एकजुटात व हिदू राष्ट्र की बात करते हैं। हाल ही में जी-20 में पीएम मोदी ने सनातन को विश्व कल्याण के लिए जरूरी बताकर सनातन विरोधियों को और चिढ़ा दिया है। सनातन विरोधी इस बात से बहुत चिढ़े हुए हैं हम इसे देश के लिए बुरा बता रहे हैं और पीएम मोदी इसे विश्व के लिए जरूरी बता रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम सनातन की मूल भावना है। वसुधैव कुटुंबकम का ही विस्तार है एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। सीधी सी बात है कि सनातन का मजबूत होना जातिवादी राजनीति करने वालों के खतरे की घंटी यानी उनके सत्ता में आने की कोई चांस नहीं है। इसलिए वह सनातने का विरोध कर रहे हैं,उसे बुरा बता रहे हैं। यह क्रिया की प्रतिक्रिया है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में आ रही रुकावट आज दूर होगी। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है, उनको ऑफिस में कलीग का सहयोग मिलेगा। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। जल्द ही मेहनत का लाभ आपको मिलने वाला है।

वृष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे । आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं । आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल बना सकता है। आज कम मेहनत में ज्यादा फल पाने वाला दिन हैं, इसे आप अपने परिश्रम से और भी अच्छा बना सकते हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक ही आपको फल मिलेगा, इसलिए मेहनत जारी रखें। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दोगुनी मेहनत करने का दिन है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करेंगे तो आपकी सफलता के चांस बढ़ जाएंगे। जिन लोगों की जल्द ही शादी हुई है, वे आज एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे। साथ ही कहीं घूमने का प्लान भी बनायेंगे । अगर आप लोन लेना चाहते है तो आज के दिन आवेदन कर सकते है। मार्केट में आज आपके कीमती सामान और मोबाइल का खास ख्याल रखें।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको आय के नए-नए स्त्रोत मिलेंगे, जिससे आपको अच्छी इनकम होगी। आज ऑफिस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। जॉगिंग पर जाने से दिनभर खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज आपको पहले किये हुए किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा। आज किसी नए कॉन्टैक्ट से आपको ज्यादा फायदा होगा। आज कुछ लोगों को आपकी उदारता पसंद आ सकती है।

सिंह राशि- आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। आज आपको आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है, बदलते मौसम का असर हो सकता है। आज आपको ऑफिस के काम में किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में अच्छा ताल मेल बना रहेगा। बच्चों का मन पढ़ाई में लगेगा, कोई जरूरत का समान खरीदने के लिए कह सकते हैं।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कोई ऐसी चीज हासिल कर पाएंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडियाज आयेंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा। आपके जूनियर भी आपसे काम सिखने आएंगे। आज आप परिवार के साथ किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जा सकते हैं। सेहत के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

तुला राशि- आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। आज किसी पर भी तुरंत भरोसा न करें, ये आपके लिए थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें। कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाए गृह उद्योग शुरू करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। आज माता के स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। प्राइवेट जॉब के लिए दिन ठीक रहेगा, बॉस आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। मोटर रिपेयरिंग का कार्य कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते है, घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें। आपको अच्छा सलूशन मिल सकता है । एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। आपकी एक गलत बात आपके कार्यों में रूकावट डाल सकती है। आज आप किसी वृद्ध महिला का सहयोग करेंगे, आपका दिन अच्छा गुजरेगा। लवमेट्स एक दूसरे पर विश्वास बनाकर रखें।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास बनाये रखें। आज आप किसी अजनबी से कुछ नया सीखेंगे जो आपके लिए काफी रोचक रहेगा। जो विद्यार्थी लॉ की पढाई पढ़ना चाहते हैं वो आज से तैयारी शुरू कर देंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज आप बच्चों से कोई नई बात सीख सकते हैं। साथ ही जीवनसाथी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। हर जगह से आपको काम के लिए ऑफर मिलते दिखाई देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जाएगी। आज आपका दिन पहले से ज्यादा बेहतर रहने वाला है। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिए अच्छा है। जो लोग कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आपको कोई बड़ा प्लेटफॉर्म या बड़े सिंगर का सहयोग मिल सकता है। करियर को बेहतर बनाने का प्रयास सफल होगा। लवमेट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके रुके हुए कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। पिता का सहयोग मिलने से काम समय से पूरा हो जाएगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की प्लानिंग बना सकता है। आपको आस-पास की चीजों पर ध्यान रखना चाहिए। इस राशि के प्रोफेसर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अच्छा रहने वाला है।

हिन्दी है भारत के मस्तक का तिलक

14 सितंबर हिंदी दिवस

ललित गर्ग

राजभाषा कही जाने वाली हिंदी भाषा अपने ही देश में घोर उपेक्षा की शिकार है, बावजूद आज दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा बन गई है। विश्व भाषा बनने की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। यूएई के 'हम एफ-एम' सहित अनेक देश हिंदी कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें बीबीसी, जर्मनी के डायचे वेले, जापान के एनएचके वर्ल्ड और चीन के चाइना रेडियो इंटरनेशनल की हिंदी सेवा विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अमेरिका में 32 विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी पढ़ाई जाती है। ब्रिटेन की लंदन यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज और यॉर्क यूनिवर्सिटी में हिंदी पढ़ाई जाती है। जर्मनी के 15 शिक्षण संस्थानों ने हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन को अपनाया है। इस तरह हिन्दी में विश्व भाषा बनने की समस्त अर्हताएं एवं विशेषताएं समायी हुई है। हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्ट्रीय जगत छिपाये हुए हैं। आर्य, द्रविड, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी विश्वमैत्री एवं वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करोड़ लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस समृद्ध एवं वैश्विक गरिमा वाली भाषा का हिन्दी दिवस प्रत्येक 14 सितबंर को मनाया जाता है।

विश्व में प्रतिष्ठा पा रही हिन्दी की हमारे देश में दिन-प्रतिदिन उपेक्षा होती जा रही है, हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब हिन्दी हमारे अपने ही देश में विलुप्तता के कगार पर पहुंच जायेगी। जबकि हिन्दी राष्टीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्टीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के साथ-साथ इसे संयुक्त राष्ट संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिये ठोस कदम उठाये जाने की अपेक्षा है। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिये एक ऐसी महत्वपूर्ण भाषा बन जाये, जिसकी उपेक्षा न देश में और न दुनिया में हो सके। यह तभी संभव है जब हमारी मानसिकता बदले, हम हिन्दी को बोलते हुए गर्व का अनुभव करें एवं स्वयं के देश में हिन्दी को प्रतिष्ठापित करें, सम्मान करें। आचार्य विनोबा भावे ने सही कहा कि हिंदी को गंगा नहीं बल्कि समुद्र बनना होगा।

भारत अपनी विविध आबादी को एकजुट करने और विभिन्न क्षेत्रों में संचार के साधन प्रदान करने में हिंदी की भूमिका को स्वीकार करता है। यह भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाई और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। इसके अलावा, हिंदी दिवस लोगों को हिंदी भाषा सीखने और उसकी सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे उनकी भाषाई विरासत पर गर्व की भावना पैदा होती है। यह हिंदी साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के

उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का सबसे पहले विचार महात्मा गांधी ने वर्ष 1918 में हिंदी साहित्य सम्मेलन में किया था। इसके अलावा देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे पहले नेता थे जिन्होंने 1977 में इंटरनेशनल ऑडियंस को हिंदी में संबोधित किया था। वह आज तक मिसाल के तौर पर याद किया जाता है।

हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी लगातार होती रही है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलना चाहिए। देश-विदेश में हिन्दी को जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया किया है। अब विश्व भर की वेबसाइट हिंदी को भी तवज्जो दे रही हैं। ईमेल, ईकॉमर्स, ईबुक, इंटरनेट, एसएमएस एवं वेब जगत में हिंदी को बड़ी सहजता से पाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आइबीएम तथा ओरेकल जैसी कंपनियां अत्यंत व्यापक बाजार और भारी मुनाफे को देखते हुए हिंदी प्रयोग को बढावा दे रही हैं। एक अध्ययन के मुताबिक हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 फीसद तक बढ़ी है। हर पांच में एक व्यक्ति हिंदी में इंटरनेट प्रयोग करता है। फेसबुक, ट्विटर और वाट्स एप में हिंदी में लिख सकते हैं। इसके लिए गूगल हिंदी इनपुट, लिपिक डॉट इन, जैसे अनेक सॉफ्टवेयर और स्मार्टफोन एप्लीकेशन मौजूद हैं। हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद भी संभव है।

हिन्दी की उपेक्षा पर महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' आजादी के अमृतकाल में हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान दिलाना ही होगा। गतदिनों पूर्व उपराष्टपति वैंकय्या नायडू ने हिन्दी के बारे में ऐसी ही बात कही थी, जिसे कहने की हिम्मत महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया में ही थी। उन्होंने कहा कि 'अंग्रेजी एक भयंकर बीमारी है, जिसे अंग्रेज छोड़ गए हैं।'' आजादी के 76 साल बाद भी सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं, यह देश के लिये दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है। वैंकय्या नायडू का हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुड़े हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है।

राष्ट्रभाषा को प्रतिष्ठापित करने एवं सांस्कृतिक सुरक्षा के लिये अनेक विशिष्ट व्यक्तियों ने व्यापक प्रयत्न किये। सुमित्रानन्दन पंत, महादेवी वर्मा और आगरा के सांसद सेठ गोविन्ददासजी ने अंग्रेजी के विरोध में अपनी पद्मभूषण की उपाधि केन्द्र सरकार को वापिस लौटा दी। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्टीयता एवं राष्ट का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। भाषायी संकीर्णता न राष्टीय एकता के हित में है और न ही प्रान्त के हित में। प्रान्तीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना, जिससे राष्टीय भाषा के साथ टकराहट पैदा हो जाये, यह देश के लिये उचित कैसे हो सकता है?

हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्टीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। हिन्दी के महान कवि एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी अपने देश की हिन्दी भाषा, अपने देश की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की महान संस्कृति में सारी मानव जाति की भलाई को देखते थे। हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्टीयता का अपमान नहीं हैं? हमारी राष्ट्रभाषा दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में तीसरे नम्बर पर है, फिर हमें क्यों इसे बोलने एवं उपयोग करने में शर्म महसूस होती है?

कुछ तो है जिसकी पर्दादारी है ?

राजनीति

निर्मल रानी

राजधानी दिल्ली ने पिछले दिनों 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के सफ्ल आयोजन में मेज़बान की भूमिका निभाई। 1999 में गठित इस ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (ज़20) के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले संगठन में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ़्रांस , जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ़्रीक़ा , तुर्कि, यू- के,संयुक्त राज्य अमेरिका तथा यूरोपीय संघ जैसे 20 देश शामिल हैं। ज़20 को बीस वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स के समूह के रूप में भी जाना जाता है जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है। इससे पूर्व 17वां जी-20 शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया था और अब 18वां जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है। जबकि 2024 में 19 वें ज़20 सम्मलेन अध्यक्षता ब्राज़ील के पास होगी। इस सम्मलेन का मुख्य मक़सद वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रणालीबद्ध महत्वपूर्ण औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करना है। 9-10 सितंबर 2023 को दिल्ली में आयोजित हुये जी-20 शिखर सम्मेलन से पूर्व इसी वर्ष भारत ने अपने सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 60 प्रमुख शहरों में भी जी-20 की 220 बैठकें सफ्लतापूर्वक संपन्न कराकर अपनी सामर्थ्य व मेज़बानी से पूरे विश्व को परिचित कराया है।

परन्तु पश्चिमी देशों के कई प्रमुख अख़बारों ने जहां जी-20 शिखर सम्मेलन के सफ्ल आयोजन का ज़िक्र किया है वहीँ इस आयोजन के मद्देनज़र दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई इलाक़ों में झुग्गियों को गिराने के विषय को भी प्रमुखता से उठाया है। अख़बारों ने लिखा है कि किस तरह भारतीय अधिकारियों ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले ग़रीब बस्तियों को हटा कर दिल्ली के सौंदर्यीकरण का अभियान चलाया। इतना ही नहीं बल्कि वाशिंगटन पोस्ट ने तो अपने एक लेख में यह भी लिखा कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक कार्यक्रम को अपने रिब्रांडिंग के लिए इस्तेमाल किया है। लेख में कहा गया- ''देश भर में बिलबोर्ड पर प्रधानमंत्री का चेहरा चिपका दिया गया है। इसका संदेश सरल है-' दुनिया के शीर्ष नेताओं की मेज़बानी करके, भारत एक विश्व शक्ति के रूप में उभरा है, और मोदी ही वो व्यक्ति हैं जो देश को वहां तक ले गए।' लेकिन सच्चाई थोड़ी अलग है। जी 20 की अध्यक्षता हर सदस्य देश को मिलती है। जैसे इंडोनेशिया को पिछले साल मिली थी.'' बाइडेन और पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद तो एक अमेरिकी पत्रकार ने व्हाइट हाउस प्रवक्ता से अपना पहला ही सवाल दिल्ली में झुग्गियों को हटाए जाने पर पूछ लिया। अमेरिकी पत्रकार ने पूछा, -'बाइडेन-मोदी के बीच मुलाक़ात के संबंध में सबसे पहले मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या बातचीत में झुग्गियों पर बुलडोज़र चलाए जाने को लेकर बात हुई? क्या राष्ट्रपति बाइडेन ने पूछा कि सुनिए...लोकतांत्रिक सरकारें ऐसा बर्ताव नहीं करती हैं?'

दरअसल जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली के पूर्वी ज़िला प्रशासन का मयूर विहार फेज़ -एक में झुग्गियों पर बुलडोज़र चला। खादर में तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करके 30 से अधिक झुग्गियों को

तोड़ दिया गया। यहां कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे क़रीब पांच हज़ार लोगों को हटाया गया था। दोबारा से क़ब्ज़ा करने पर झुग्गीवासियों से क़ानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया था। इस कार्रवाई से पहले प्रशासन ने झुग्गियों में रहने वाले लोगों को स्वयं झुग्गी हटाने की चेतावनी दी थी। परन्तु इसके बाद भी लोग हटने को तैयार नहीं थे। फ़िर भी प्रशासन द्वारा डीएनडी व नर्सरी पुश्ते के पास से झुग्गियां हटाई गई। क्योंकि इन्हीं मार्गों से सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों का आवागमन हुआ था। प्रशासन द्वारा प्रगति मैदान व इसके आस पास में बसीं झुग्गियों को भी ख़ाली कराया गया था। झुग्गियों में रहने वाले लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया था लेकिन अदालत ने बस्तियों को अवैध क़रार दे दिया। इसके बाद प्रशासन ने इन्हें 31 मई तक घर ख़ाली करने का आदेश दिया था। परिणाम स्वरूप शिखर सम्मेलन से पहले कई परिवार बेघर हो गए। सैकड़ों झुग्गियों को जहाँ ग़रीबों की चीख़पुकार के बीच बुलडोज़र से ध्वस्त कर दिया गया वहीँ कई इलाक़ों में जहां घनी आबादी या पक्के निर्माण के चलते झुग्गियां गिराना संभव नहीं था ऐसे कई इलाक़ों को पर्दे लगाकर ढक दिया गया और उन पर्दों पर ज़20 के बैनर्स या प्रधानमंत्री मोदी के चित्र लगा दिए गये। इसके साथ ही चार हज़ार से ज़्यादा भिखारियों को रोहणी व द्वारका के आश्रय गृहों में भी भेजा गया।

मेहमानों को चमक दमक दिखाने के लिये ग़रीबों व झुग्गीवासियों पर गाज गिरना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले दिल्ली में हुये कॉमन वेल्थ खेलों के दौरान भी सरकार ने अपने 'बदनुमा दाग़ ' छुपाने के लिये आधी दिल्ली को बड़े बड़े बोर्ड्स से ढक दिया था। याद कीजिये जब 24 फ़रवरी 2020 को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने गुजरात में अहमदाबाद का दौरा किया था और प्रधानमंत्री ने उनके साथ रोड शो किया था उस समय भी सड़कों के किनारे रहने वाले झुग्गी वासियों को छुपाने के लिये मार्ग में कई जगह पक्की दीवारें खड़ी कर दी गयी थीं। यहाँ यह बताना भी ज़रूरी है कि यह वही ग़रीब वर्ग है जिसे प्रधानमंत्री जी मुफ़्त राशन देकर उनसे वोट हासिल करने की उम्मीद करते हैं और गर्व से बताते हैं कि उनकी सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन दिया जा रहा है ? इतना ही नहीं बल्कि झुग्गी से नफ़रत को लेकर इसी सम्बन्ध में एक विरोधाभास भी नज़र आया। जिस समय राजघाट पर महात्मा गाँधी की समाधि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अतिथि विदेशी मेहमानों का स्वागत कर रहे थे उस समय स्वागत स्थल की पृष्ठभूमि में झोपड़ी नुमा साबरमती आश्रम का विशाल बैनर लगा हुआ था। वैसे भी विश्व के शीर्ष नेता जिस गांधी को नमन करने राजघाट पहुंचे थे वह ग़रीबों व दलितों का मसीहा गांधी था। वह भारतीय ग़रीब जनमानस की आर्थिक स्थिति से प्रभावित होकर अपने वैभवशाली वस्त्र वस्त्र त्यागने तथा एक धोती में अपना जीवन गुज़ारने वाला गांधी था। मेहमानों के स्वागत में अपने घर को चमकाना निश्चित रूप से ज़रूरी है परन्तु ग़रीबों की चीख़ पुकार,औरतों बच्चों बुज़ुर्गों के आंसू और बुलडोज़र की गड़गड़ाहट की शर्त पर इसे कोई भी मानवतावादी अच्छा नहीं कह सकता। 80 करोड़ लोगों द्वारा मुफ़्त भोजन हासिल करने वाले और सरकार बनाने में अहम किरदार अदा करने वाले इन्हीं ग़रीब झुग्गीवासियों के प्रति अभद्र व सौतेला व्यवहार करना तो यही बताता है कि गाँधी और गाँधी के दलितों को तो बस वोट बैंक के रूप में ही इस्तेमाल किया जाता है जबकि सरकार की चिंता पूंजीपतियों के कल्याण की अधिक होती है। वर्ना ग़रीबों को उजाड़ने व उन्हें पर्दों के पीछे छुपाने के क्या मायने हैं ? मिर्ज़ा ग़ालिब ने यूँही नहीं कहा था कि - ÷बे-खुदी बे-सबब नहीं 'ग़ालिब। कुछ तो है जिस की पर्दा-दारी है।

पार्टी बदलना है...

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

कद्दावर नेता अपने भूतपूर्व होने वाली पार्टी के मुखिया के सामने बैठे थे। उन्होंने अपना दुखड़ा सुनाना जारी रखा ङ्क ''देखिए मैं इस पार्टी का पुराना चावल हूँ। आप जानते भी हैं कि मेरे विचार पार्टी के लिए कितने काम आए हैं। इतना ही नहीं मेरे विचार काफी कीमती भी रहे हैं। चूँकि अब पार्टी का दबदबा कम हो गया है और आने वाले चुनावों में जीतने के आसार कम हैं, इसलिए पार्टी बदलने के बारे में विचार कर रहा हूँ। अतः आप से निवेदन है कि आप मेरे इन विचारों को अपने पास गिरवी रख लें। इसके बदले में मुझे केवल इतना आश्वासन दें कि जब भी पार्टी की स्थिति सुधर जाए तो मुझे पुनः जोड़ लें। जोड़ते समय केवल इस बात का ध्यान रखें कि बिना किसी आनाकानी के मुझे जोड़ लें। अब जो सौहार्द भाव तब भी उसी तरह भाव बना रहे। मेरे विचारों आपकी छाप है, पार्टी अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी इसमें हैं। किसी समय पार्टी में इनकी बड़ी कद्र थी। ये अभी भी अच्छी हालत में हैं, इसलिए मेरे लड़के को ये विचार देकर खुद दूसरी पार्टी में जाना चाहता हूँ। इससे लाभ यह होगा कि लड़का हार भी जाए तो मैं सत्ता वाली पार्टी में बना रहूँगा और यदि मैं हार गया तो बेटा सत्ता वाली पार्टी में बना रहेगा। इससे सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हम दोनों कहीं भी रहें हमारा लाभ बना रहेगा। विचार भी जीवंत रहेंगे।''

''ये विचार तो हमारे ही हैं, आपके कैसे हुए?'' गंभीर हो चुके मुखिया ने पूछा।

'' ऐसा है कि पार्टी की स्थापना के समय में, मेरा मतलब है कि आरंभिक समय में मेरे बाऊजी बड़े इसी पार्टी के कार्यालय में बैठकर गप्प हाँका करते थे। उनकी गप्प ही आगे चलकर पार्टी की विचारधारा बनी। वहीं से वे विचार मुझ तक आए। इन्हें मैंने आगे चलकर लिख लिया। कभी बिखर न जाएँ इसके लिए अलमारी में संभालकर रख दिया। किंतु नई पार्टी में ज्वाइन करने में ये विचार अड़चन बन रहे हैं। अब यह मेरे किसी काम के नहीं हैं इसलिए ......।'' कद्दावर नेता ने अपनी सफाई दी।

'' ठीक है..., अब आप अपने विचार अपने बेटे को देकर उसे हमारी पार्टी में ज्वाइन कराना चाहते हैं। क्या इसे अपने बेटे को न देकर किसी और को देते तो क्या दिक्कत आती। आपके साथ तो कई सारे कार्यकर्ता हैं, उन्हें भी तो दे सकते थे?''

'' चहता तो था कार्यकता को दे दूँ। बाद में ध्यान आया कि इतने साल बाद जब मैं बदल सकता हूँ तो वह कैसे नहीं बदलेगा। इसलिए राजनीति में विचारों का हस्तांतरण परिवारवाद के आधार पर होना चाहिए। इसीलिए मैंने अपने विचार बेटे को देने का निर्णय किया है।''

''और क्या चाहते हैं आप ?''

'' देखिए ये बहुत कीमती विचार है। इन विचारों से देश में कई सरकारें बनी हैं और चलीं भी हैं। इस हिसाब से कीमत अमूल्य होना चाहिए लेकिन मैं मात्र अपने बेटे के लिए पार्टी का टिकट भल चाहूँगा।'' कद्दावर नेता ने अपना प्रस्ताव दिया।

''बेटे को टिकट!! ये सोचा भी कैसे आपने !?! अब आपके विचारों को यहाँ पूछता भी कौन है?''

'' इसका अतीत देखिए मिस्टर पटेल, अगर आप इसके इतिहास पर गौर करेंगे तो आपको ये कीमत ज्यादा नहीं लगेगी।'' '' देखिए मेरे पास सभी तरह के विचार पड़े हैं, जैसे गांधीवादी, समाजवादी, मार्क्सवादी आदि-आदि। लेकिन आजकल इनको पूछने वाला भी नहीं आता है। सच कहूं तो मार्क्स की फटी कमीज या घिसे जूतों के ग्राहक मिल सकते हैं लेकिन विचारों के नहीं। सॉरी, ... मैं इसे नहीं रख पाउंगा।'' मुखिया ने विवशता बताई। ''देखिए आप सभी तरह के विचारों को खपाने में सक्षम हैं और इस मामले में आपकी ख्याति दूर दूर तक है। मैं सोचता हूं कि इसकी कद्र करने वाले आपके पास जरूर पहुंचेंगे। .... चलिए मेरे बेटे का न सही पत्नी को ही दे दीजिए।'' कद्दावर नेता ने नया प्रस्ताव किया। '' देखिए आपकी लोटा नीति आप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। पहले भी आप जैसे एक सज्जन इसी तरह का कुछ कर गए थे, न उन्होंने हमारा फायदा किया और न ही हम उनका फायदा कर पाए। इसलिए इस मामले में आपकी सहायता नहीं कर पाऊँगा।'' कद्दावर नेता इतना सा मुँह बनाए वहाँ से चलते बने। वहीं मुखिया इस बात की खुशी मना रहे थे वे बेवकूफ बनने से बच गए।

एक नजर

खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने चलाया जाएगा विशेष अभियान

उत्तर बस्तर कांकेर 14 सितम्बर। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर निरन्तर जॉच किया जावेगा तथा अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। जिला खनिज अधिकारी भूपेन्द्र चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21(1) एवं 21(2) के तहत निर्धारित अधिकतम दण्ड जैसे- 05 वर्ष अथवा 2 वर्ष का कारावास एवं पांच लाख रूपये तथा प्रत्येक दिन के लिये पचास हजार रूपये अर्थदण्ड का प्रावधानित है। उन्होंने बताया कि अवैध उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में उक्त प्रावधानों के उल्लेख करते हुए नोटिस बोर्ड, बैनर पोस्टर लगाये जायगें तथा ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी भी कराई जायेगी।

बीएलओ के कार्यो की कलेक्टर ने की जांच

उत्तर बस्तर कांकेर 14 सितम्बर । मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 की स्थिति में पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत अथवा स्थाई रूप से पलायन करने वाले व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से विलोपित करने तथा मतदाता सूची में त्रुटि होने पर उसे संशोधित करने का कार्य सभी बीएलओ द्वारा 11 सितम्बर तक किया गया। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के भरे गये फॉर्म 06, फॉर्म 07 एवं फॉर्म 08 का कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज औचक निरीक्षण कर जांच किया, साथ ही संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी किया गया। अच्छा कार्य करने पर बीएलओ को शाबाशी दी गई तथा जिन मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं अथवा त्रुटि संशोधन का कार्य किया गया है, उन्हें मतदाता परिचय पत्रों का वितरण सुनिश्चित करने के लिए भी समझाईश दी गइ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कांकेर मनीष साहू, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार आस्था बोरकर, नायब तहसीलदार विकास जैन के साथ कांकेर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र गोविन्दपुर, नांदनमारा, माकड़ी सिंगराय, नाथियानवागांव, कन्हारपुरी तथा मरकाटोला का औचक निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा भरे गये फॉर्म 06, 07 एवं 08 की जांच की गई। सभी बीएलओ द्वारा अच्छा कार्य किया गया है उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पदोन्नति संसोधन निरस्त से शिक्षक परेशान

दंतेवाड़ा 14 सितंबर। प्रदेश में चल रहे शिक्षा विभाग के लगातार अदूरदर्शिता प्रयास से शिक्षकों में फैला आक्रोश पदोन्नति में पदांकन में काउंसलिंग को एक समय दरकिनार किया गया मनमाने तरीके से पदोन्नति प्रदान किया गया किसी भी नियम का पालन नही किया गया शिक्षक संशोधन के लिए परेशान होते रहे अब कुल 18 माह पदोन्नति पदस्थापना स्थल में सेवा देने के बाद उनका पदोन्नति संसोधन आदेश को निरस्त एकतरफा भारमुक्त की कार्यवाही की जा रही है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव, प्रमोद भदौरिया, कमल रावत, सूर्यकान्त सिन्हा ज़िला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला सचिव नोहर साहू ने बताया कि जिले के पोटाकेबिनो में पूर्व में स्कूलों से अतिशेष किये गए शिक्षकों को पदस्थापना दी गयी थी जिला प्रसाशन द्वारा विगत 5 वर्ष सेवा देने के पश्चात उन शिक्षकों को पुनः अन्य शालाओ में आपकी पदस्थापना है करके पोटाकेबिन से भारमुक्त किया जा रहा है जिससे शिक्षकों में आक्रोश है सभी शिक्षक बीच सत्र में इस प्रकार की व्यवस्था की जाने से मानसिक रूप से तनाव में है।दूसरी तरफ बस्तर संभाग के 557 शिक्षकों की पदोन्नति पदस्थापना को लेकर है जिसमें रिक्त स्थानों के विरुद्ध पदस्थापना की गई थी जिन्होंने बिना जोइंनिग के संशोधन का आवेदन सहायक संचालक शिक्षा संभाग बस्तर को सौंपा गया था।

महारानी अस्पताल में आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ

हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय सहित उत्कृष्ट सेवा के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता सम्मानित, निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 14 सितम्बर। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता के लिए आयुष्मान भवः अभियान की योजना तैयार की गई है। आयुष्मान भवः 3 घटकों वाला एक व्यापक अभियान है, आपके द्वार-आयुष्मान अभियान 3.0 अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु छूटे हुए सभी हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किया जायेगा। इस दिशा में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा एवं 2 अक्टूबर को ग्राम व वार्ड में सभा का आयोजन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। ज्ञातव्य है कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 13 सितम्बर 2023 को किया गया। वहीं राज्य एवं जिला स्तर पर उक्त भी कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कर शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में आयुष्मान भवः अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम महारानी अस्पताल जगदलपुर के शहीद गुंडाधुर हॉल में संपन्न हुआ। शुभारम्भ कार्यक्रम में सर्वप्रथम महामहिम राष्ट्रपति के उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया तत्पश्चात् माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया। उद्बोधन पश्चात क्षय रोग निवारण की दिशा में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले निक्षय मित्रों श्री सुशील कुमार साहू, श्री धनुष सिंह नेताम, श्री अलेक्जेंडर चेरियन, श्रीमती सांत्वना सेन तथा श्रीमति अनीता राज को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दिव्या दास, बबली ध्रुव, प्रीति यादव, भूमिका दत्ता व स्निंगधा राहा को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया तथा डेंगू सर्वे में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मितानिन सोनमती मंडावी, फूलो नेताम, जमुना बघेल, एएनएम जयमनी बघेल व सीएचओ शिवानी नायक को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ बीआर पुजारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, नोडल अधिकारी जिला क्षय नियंत्रण कार्यक्रम डॉ सी मैत्री, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ रीना लक्ष्मी एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक नोडल अधिकारी एनसीडी कार्यक्रम श्री महेश मिश्रा द्वारा किया गया।

वन विद्यालय जगदलपुर में वन अपराध संबंधी दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

जगदलपुर, 14 सितम्बर। वन विद्यालय जगदलपुर में 11 एवं 12 सितम्बर को वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो जबलपुर के माध्यम से दो दिवसीय वन्य जीव अपराध नियंत्रण संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न हुई। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वन वृत्त जगदलपुर के विभिन्न वनमण्डलों से सहायक वनसंरक्षक, वनक्षेत्रपाल, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक स्तर के 50 प्रतिभागी तथा वन विद्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षणरत 59 वनपाल सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस दौरान वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो जबलपुर के वाइल्ड लाईफ इन्स्पेक्टर श्री कौशिक मंडल, पूर्व रिसर्च आफिसर श्री अंकुर गौतम, असिस्टेन्ट प्रोफेसर एण्ड साइंटिस्ट स्कूल आफ वाइल्ड लाइफ फोरेन्सिक एण्ड हेल्थ एनडीवीएसयू जबलपुर डॉ निधि राजपूत और अधिवक्ता श्रीमती मंजूला श्रीवास्तव द्वारा प्रथम दिवस में थ्योरी क्लास में वन्य जीव अपराध नियंत्रण एवं जांच प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से प्रतिभागियों को समझाया गया। वहीं कार्यशाला के द्वितीय दिवस में मॉक ड्रिल के माध्यम से संपूर्ण जांच प्रक्रिया एवं न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कैसे किया जाता है।

राजधानी में 2000 से अधिक योग साधकों ने किया सेतुबंध आसन का प्रदर्शन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 14 सितम्बर। छत्तीसगढ़ ने सेतुबंध आसन के प्रदर्शन के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया है। राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित स्वर्गीय बलबीर जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आज प्रदेशभर से आए 2000 से अधिक योगाभ्यासियों ने तिरंगे रंग का प्रतिरूप बनाते हुए एक साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए सेतुबंध आसन का सामूहिक प्रदर्शन किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस उपलब्धि पर शुभकामना संदेश में कहा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने रिकार्ड बनने की घोषणा करते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। योग आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा आयोग द्वारा प्रदेश में सभी संभागों के योगसाधकों में प्रशिक्षण देकर गांव-गांव तक योग का प्रचार किया जा रहा है। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय छग महिला आयोग की अध्यक्षया डॉ. किरणमयी नायक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा, छग श्रम कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री सन्नी अग्रवाल, महापौर एजाज ढेबर,उर्दू अकादमी के अध्यक्ष श्री इदरीश गांधी,छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्यगण श्री राजेश नारा, श्री रविन्द्र सिंह, श्री गणेश योगी, संस्कृत विद्यामंडलम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, आईजी श्री रतनलाल डांगी, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जिला प्रमुख सविता बहन,आयोग के सचिव श्री एम एल पांडे, एम आई सी सदस्य श्री सतनाम पनाक,पूर्व पार्षद श्री देवेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण एवं योग प्रशिक्षक गण तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक गण उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

जनता के लिए रोक दी रेल, अडानी के लिए आल इज वेल:राजू साहू

सुकमा 14 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी सुकमा के द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा ट्रेनों के लगातार परिचालन बंद करने के विरोध में ÷रेल रोको आंदोलन÷ का ज्ञापन माननीया राष्ट्रपति महोदया जी के नाम से सुकमा संयुक्त कलेक्टर को सौपा गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ से चलने वाली 6600 से अधिक ट्रेन रद्द करने के विरोध में यह आंदोलन चलाया जा रहा है। सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने बताया की त्यौहारों के बीच बार-बार रद्द की जा रही पैसेंजर ट्रेनों, बेतहाशा बढ़ते किरायों और बुजुर्गों, छात्रों आदि को मिलने वाली रियायतों को खत्म कर, भारतीय रेलवे के निजीकरण के षडयंत्र के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर प्रदेश भर में रेल रोको आंदोलन जारी है। बार-बार ट्रेनें रद्द कर भारतीय रेलवे पर जनता के मन में अविश्वास पैदा कर, रेलवे के निजीकरण करने के 'मोडानी' सरकार का षडयंत्र हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे।इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमति महेश्वरी बघेल,नगरपालिका सुकमा अध्यक्ष राजू साहू,नगर कांग्रेस अध्यक्ष शेख सजार,प्रदेश योग आयोग सदस्य राजेश नारा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव दुर्गेश राय,कोया समाज जिला अध्यक्ष वेको हूंगा,जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा महामंत्री श्री शेख गुलाम मूर्तजा,सुकमा ब्लॉक अध्यक्ष सुनील यादव,रामसूख यादव,हरी सेठिया,युवा कांग्रेस प्रदेश महा सचिव सुनील यादव,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष समीर खान,जनपद सदस्य,गीता कवासी,विनोद पेद्दी,गीता यादव,रिंकू दास,सूर्य प्रकाश कोरी,शेख सादिक़,सोमियल टुडू आदि मौजूद रहे।

बस्तर संभाग के डीएमएफ अतिथि शिक्षकों ने अपनी सेवा सुरक्षा और सेवा बहाली के लिये शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

कांकेर 14 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर संभाग में शिक्षकों की कमी को देखते हुये शिक्षा सत्र 2014 में ष्ठरूस्न मद से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति किया गया था। बस्तर संभाग के अलग अलग जिले में डीएमएफ अतिथि शिक्षक को अलग अलग नाम जैसे कांकेर ,दंतेवाड़ा और नारायण पुर में अतिथि शिक्षक , सुकमा जिले में ट्यूटर शिक्षक ,बस्तर जिले में शिक्षण सेवक के नाम से जाना जाता है। डीएमएफ अतिथि शिक्षक अपनी पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ बस्तर संभाग के बीहड़, एवं सुदूरवर्ती इलाको में अपनी शिक्षा दे रहे थे । ष्ठरूस्न अतिथि शिक्षक हिंदी के अलावा गोंडी ,हल्बी ,भतरी ,माड़िया और लोकल भाषा बोली में पढ़ाते थे जिसके कारण बच्चे पढ़ाई में काफी रुचि लेते हैं और यह यह विधि बच्चों की पढ़ाई में काफी मददगार साबित हुई है। ष्ठरूस्न अतिथि शिक्षकों ने पुराने बंद पड़े स्कूलों को खोलकर शिक्षा का अलग जगाया हैं और आज जब सही व्यवस्था में पढ़ाई हो रही हैं तो राज्य सरकार ने इन डीएमएफ अतिथि शिक्षको के स्थान पर सीधी भर्ती द्वारा चयनित शिक्षकों को भेज रहे हैं जिससे संभाग के लगभग 700 डीएमएफ अतिथि शिक्षकों की छटनीं हो चुकी हैं और कई शिक्षकों के स्थान पर नियमित शिक्षक आने वाले हैं ।अभी ष्ठरूस्न अतिथि शिक्षक पूर्ण रूप से बेरोजगार हो रहे हैं और हर जिले के कलेक्टर ने डीएमएफ अतिथि शिक्षक को हटाने का अल्टीमेटम दे दिया है।बस्तर संभाग के अतिथि शिक्षकों ने अपनी सेवा बहाली और सेवा सुरक्षा के लिये शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौपे हैं और शिक्षा मंत्री ने भी जल्दी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

कोपेडीह में अतिक्रमण हटवाने एकजुट हुए ग्रामीणा

अंवरी 14 सितंबर। जल,जंगल और ज़मीन प्रकृति के द्वारा मानव समुदाय को दिया गया निःशुल्क उपहार है।इसे चीरकाल तक सहेजे रखने की जिम्मेदारी भी मानव समाज का है। परन्तु भखारा तहसील अंतर्गत स्थित हंचलपुर पंचायत के आश्रित ग्राम कोपेडिह में इन दिनों जमीन को संरक्षित रखने के बजाय अवैध कब्जा करने की होड़ हो गया है।और स्थानीय जनप्रतिनिधि मूक दर्शक बने हुए है। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गांव के पंच भी जमीन हथियाने में पीछे नहीं है।और उनके द्वारा ही वर्तमान अतिक्रमण की शुरूवात किया गया है।अतिक्रमण हटवाने कोपेडीह के ग्रामीण आगे आ रहे है।ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच को लिखित सूचना देकर अतिक्रमणकर्ताओं पर कार्यवाही करने की मांग की है साथ ही तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से भी आवेदन के माध्यम से अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत हंचलपुर में ग्रामीण एकजुटता और सरपंच की सक्रियता के कारण अतिक्रमण पांव नहीं पसार पाया है।इसी के विपरीत हंचलपुर के आश्रित ग्राम कोपेडिह में अतिक्रमण चरम पर है। ग्रामीणों ने बताया की मुख्य सड़क से नाला तक पंचायत के द्वारा धरसा निर्माण करवाया गया है।तथा धरसा के किनारे गौठान बनाने की योजना चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है की गांव में गौठान नही है जिसके कारण पशुओं को एकत्रित करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वर्षा काल में यहां धान की फसल लगाया जाता है।

मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई का शुभारंभ

उत्तर बस्तर कांकेर 14 सितम्बर। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा जिले को प्रदाय 07 मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई वाहन को विकासखण्ड नरहरपुर से हरी झंडी दिखाकर जिले के सभी विकास खंडों के लिए रवाना किया गया। गौठान में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई संचालन किये जाने का मुख्य उद्देश्य सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करना है ताकि विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सके तथा पशु की उत्पादकता में वृद्धि हो सके। जिलें में प्रत्येक विकासखण्ड में एक मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई का संचालन किया जाना है। पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा ने बताया कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई योजना अंतर्गत जिलें के प्रत्येक विकास खण्ड हेतु 01-01 वाहन प्रदाय किया गया जो प्रातः 08 बजे से सांय 04 बजे तक अपनी सेवा प्रदान करेगा।

जनसभा तक मनीष कुंजाम नहीं पहुंचे, निराश, हताश होकर सुकमा लौटे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 14 सितंबर। जिले के कोंटा विधानसभा में अगले दो महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव जैसे जैसे नजदीक पहुंच रही हैं। राजनितिक गलियारों में चुनावी मुड़ सरगर्मी तेज होती जा रही है। इसी बीच पुलिस भी गस्त को भी अधिक मजबूत कर रही है। और पुलिस और नक्सलियों बीच मुठभेड़ भी हो रही है। दरअसल सीपीआई को एक बड़ा मुद्दा मिल रहा है।

पिछले 05 सितंबर को हुई मुठभेड़ को फर्जी बताया जा रहा है। इसी बीच मुलवासी बचाओ मंच ने आक्रोश में आकर ताड़मेटला मे 13 सितंबर को विशाल विरोध प्रदर्शन जन सभा आयोजित किया गया। सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार आसपास के ग्रामीणों ने फर्जी मुठभेड़ को लेकर हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ने की खबर मिली इसी बीच सीपीआई नेता पूर्व विधायक मनीष कुंजाम ने उक्त सभा को संबोधन करने के लिए सुकमा से पत्रकारों के साथ रवाना हुए, लेकिन पुलिस जवानों ने चर्चिंग करना एवं आरोपी नहीं होने का हवाला देते हुए मनीष कुंजाम को उक्त सभा में नहीं जाने को कहा गया लेकिन एक एक कैंप में आधे आधे घंटे रोकने के बावजूद भी पांच से छह कैंप से निकल चुके थे। लेकिन पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण को मनीष कुंजाम ने फोन से कहा चुनाव का समय है। जाने दीजिए भारी गुहार लगाने के बावजूद भी नहीं जाने को कहा गया और पुलिस अधीक्षक ने मनीष से कहा एक दो दिन बाद जाने दिया जाएगा जा सकतें हैं। हताश निराश होकर मनीष को वापस लौटना पड़ा। मनीष कुंजाम ने इसी बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि,ताड़मेटला मे जो कथित मुठभेड़ हुई थी जिसके चलते पुलिस वहां जाने नहीं दे रही है।जगह जगह कैंपों पर रोका गया अभी समय भी 4.30 बजने को हैं। हातास परेशान होकर पुलिस अधीक्षक को फोन से बात किया लेकिन जाने नहीं दे रहे हैं। ताड़मेटला सड़क है, वहीं पर कुछ लोग आने वाले हैं, वही सड़क पर उनसे चर्चा करने के लिए जाना था। अभी चुनाव का समय है। दरअसल राजनीति मंशा से नहीं जाने दिया जा रहा। लेकिन जाएंगे और जाते रहेंगे सुकमा कलेक्टर का जब अपहरण हुआ था तो दवाई पहुंचाने गया था।

परिवर्तन यात्रा से लोगों में उत्साह, काँग्रेस के खिलाफ बन रहा वातावरण:गागड़ा

भाजपा की परिर्वतन यात्रा:129 युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम 14 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ दंतेवाड़ा से किया गया है , इधर परिवर्तन यात्रा के गीदम नगर पहुंचने के दौरान गीदम नगर के 129 युवाओं ने पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल , नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल , केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह , पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा , पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप के समक्ष इन सभी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया । इस दौरान नवप्रवेशी सदस्यों ने कांग्रेस सरकार पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाते कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन में किसी भी तरह का विकास कार्य नहीं हुआ है। कांग्रेस की अनीतियो से त्रस्त होकर एवं भाजपा की राष्ट्रवाद एवं विकासवादी नीतियों से प्रभावित होकर सभी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने का निर्णय लिया । इस दौरान राजेश सुराना , सुजीत सिंह , प्रदीप जैन , अमित सिन्हा , संतोष गुप्ता , हरमिंदर सिंह , शैलेंद्र सिंह , अनीश जार्ज , अजय राजपूत , संदीप निर्मलकर , चंदन राय , मोनू दास , शिवम गुप्ता , रोहित जैन , आशीष गुप्ता , संतोष गांधी , राहुल सोनवानी , गोपाल साहू , गोविंदा राव , प्रमोद जयसवाल , कृष्णा शर्मा , मुकेश गांधी , संजय देवांगन , सुनील कुमार , धनीराम , सुरेश ठाकुर , रतन सिंह क्षत्रिय , नरवीचंद , बबलू सोढ़ी समेत 129 युवाओं ने भाजपा में प्रवेश किया ।

नगर के 129 युवाओं के भाजपा प्रवेश को लेकर पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने कहा की परिवर्तन यात्रा से प्रदेश में उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिस तरह से परिवर्तन यात्रा का सभी समाज के लोग स्वागत कर रहे है , जन समर्थन मिल रहा है , सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा में प्रवेश कर रहे है उससे पता चलता है कि प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ वातावरण बना हुआ है उन्होंने भाजपा में प्रवेश करने वाले सभी युवाओं का स्वागत अभिनन्दन किया है ।

एक नजर

पोड़ में दो सवारी बसों की टक्कर होने से कई घायल,108 से पहुंचाया अस्पताल

राजिम/पाण्डुका, 14 सितंबर। गरियाबंद जिले के पांडुका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड के बेलदार पारा के पास मोड़ में 2 बसों में टक्कर हो गया घटना लगभग 10 बजे की है जिसमें दो बस की आमने सामने के टक्कर से सीसे टूटे हुए हैं और ड्राइवर तरफ टकरा गया वहीं बसों में सवार लोगों में स्कूली छात्र और मैडम सहित सवारी बैठी थी जिसमे लगभग 4 लोगो को बेहोश होना बताया गया तो कुछ घायल बताए जा रहा है।जिन्हे पुलिस और 108 की मदद से तत्काल अस्पताल ले जाया गया घटना को लेकर पूरा खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के बाद से पूरा चीख पुकार मच गया और लगभग आधा घंटा रोड जाम रहा इन दिनों तीज त्योहार का सीजन शुरू हो गया है और तीज ले जाने वालों की बस में भीड़ चल रही है और सवारी बैठाने की जीद में ओवर टेक भी करते है । दुर्घटना के कारण का अभी पता नहीं चला है।

राज्य में सम्मानित बैंक सखी खेमेश्वरी ने कलेक्टर से की मुलाकात

गरियाबंद, 14 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य में सम्मानित जिले की बैंक सखी श्रीमती खेमेश्वरी तिवारी ने विगत दिवस कलेक्टर श्री आकाश छिकारा से मुलाकात की। कलेक्टर ने बैंक सखी को राज्य स्तर पर सम्मानित होने की बधाई देते हुए उन्हें लगातार आगे बढ़ते हुए अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार बैंकिंग सेवाएं पहुंचाते हुए अपनी आवक भी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान श्रीमती तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की वह आसपास के तीन गांवों में जाकर पेंशन, आवास, मनरेगा मजदूरी, छात्रवृत्ति, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के मानदेय राशि का घर पहुंच वितरण करती है। इस प्रकार उन्होंने प्रतिमाह 22 लाख रुपए से अधिक राशि की लेन देन की है। जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपए की आवक हुई है। उन्होंने बताया की लोगों को पैसा निकालने के लिए दूर एटीएम नहीं जाना पड़ता, गांव में ही उनके माध्यम से खाते से पैसे का भुगतान हो जाता है। इससे लोगो को काफी राहत मिल रही है। साथ ही गांव में ही बैंकिंग सेवाएं मुहैया हो रही है। कलेक्टर ने बैंक सखी के अनुभव सुनकर उनकी प्रशंसा करते हुए लगातार बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई सहित टीएल बैठक में शामिल अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है की मैनपुर विकासखंड के धुरवागुडी की बैंक सखी श्रीमती खेमेश्वरी तिवारी को राज्य शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने और स्थानीय लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्वाधिक लेन देन करने के मामले में डिजिटल मड़ई में पुरस्कृत किया गया है। श्रीमती तिवारी बैंक सखी के रूप में कार्य करते हुए 22 लाख रुपए से अधिक की राशि मासिक औसत लेन देन की है। इसके माध्यम से वह दूरस्थ क्षेत्रों के गावों में जाकर पेंशन, छात्रवृत्ति और आधार संबंधित वित्तीय लेन देन की घर पहुंच सेवाएं प्रदान कर रही है। जिससे ग्रामीणों को घर पहुंच बैंकिंग सेवाएं मिल रही है।

गुणवत्ता में सुधार नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

नवीन धान खरीदी केंद्र निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग से भड़के ग्रामीण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव,14 सितंबर। डूमरबहार पंचायत में बन रहे नवीन धान खरीदी केंद्र के गोदाम निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री लगाए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने गोदाम निर्माण का कार्य रुकवा दिया। निर्माण स्थल पर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कृषि उपज मंडी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है, जहा कालम की ढलाई में लगाया जा रहा गिट्टी की क्वालिटी बेहद ही घटिया है उपयोग में लाया जा रहा 20 एम.एम की मिटटी से सना हुवा गिट्टी बिलकुल ही मरा हुवा पत्थर है जो हाथो से बिस्किट तोड़ने की भाँती टूट रहा है साथ ही इस गिट्टी को हाथो से मसल कर चुरा किया जा सकता है,यही हाल कालम ढलाई से पूर्व नीचे बेस में उपयोग किया गया 40 एम एम गिट्टी का है दोनी ही गिट्टी की गुडवत्ता बेहद ही घटिया स्तर का है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी गिट्टी का उपयोग कोई भवन निर्माण में तो क्या सड़क के गढ्ढे भरने में भी नहीं करेगा ग्रामीणों का कहना था की इस गिट्टी को कोई उन्हें निशुल्क भी देगा तो वे इस गिट्टी को नहीं लेंगे,सबसे बड़ी बात यह है की बगैर इंजिनियर के देखरेख में यहा दस दिनों से कार्य चालु है यहा कार्य स्थल पर मौजूद कारीगरों ने भी गिट्टी की गुडवत्ता को लेकर ठेकेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुवे बताया की ठेकेदार द्वारा भेजे गए गिट्टी को खराब बताते हुवे उन्होंने ठेकेदार से दुसरा गिट्टी भेजने की बात कही तो ठेकेदार ने जितना गिट्टी भेजा हु उसे लगाकर खत्म करो आगे से अच्छा गिट्टी भेज दिया जायेगा कहा गया,जिसकी वजह से यहा बेस का काम भी इसी खराब गिट्टी हो गया साथ ही जमीन लेबल तक कालम भी इसी खराब गिट्टी से खड़ा हो गया कारीगरों ने बताया की इंजिनियर सिर्फ ले आउट देने आया था उसके बाद से आज तक नहीं आया है।

गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे ग्रामीण-ग्रामीणों ने फेन से कृषि उपज मंडी के उच्चाधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी और मौका मुआयना करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि गोदाम निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं किए जाने पर वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। कृषि उपज मंडी के कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार सरसोरिया ने इस मामले में जांच कर, घटिया गिट्टी से जितने भी कार्य हो चुके है उन्हें तोड़कर गुडवत्ता वाली सामग्री से कार्य कराये जाने की बात कही है।।

स्थल चयन सही नहीं, ऊपर से गुजर रहा हाई टेंशन वायर-डूमरबहार में नवीन धान खरीदी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है,वह स्थल विवादों से घिरे रहने के साथ साथ धान खरीदी के लिए भी उपयुक्त नहीं है,जिस जगह पर धान की बोरियो की छल्ली लगनी है उसके ठीक ऊपर हाई टेंशन वायर गुजरा है,जिसकी वजह से यहा हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहेगा। यहां काम करने वाले मजदूरो के साथ साथ यहा आने वाले किसानो एव वाहन चालको के लिए यहा से गुजर रहे हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार का खतरा बना रहेगा।।

जो खून दे सकते हैं उन सभी लोगों को अवश्य रक्तदान करना चाहिए:डॉ.मिंज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 14 सितंबर। ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बी. के.राय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. टी. आर. पाटले के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई,रेड क्रॉस सोसाइटी तथा एन.सी.सी कैडेट्स के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मे अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी,ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ जेम्स मिंज मुख्य अतिथी के रूप मे शामिल हुये। अतिथियों के स्वागत कु. प्रेमशिला नाग,अंकिता बड़ा, कौशल्या नाग, एवं साथियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ.जेम्स मिंज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना जीवन का दान करने जैसा है,इस पुण्य काम में सहभागी होने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान से कोई शारीरिक हानि नहीं होती, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है,इसलिये जो भी व्यक्ति खून देने में सक्षम है, उन्हें आवश्य रक्त-दान करनी चाहिए। उनके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने रक्तदान के लिए उत्साहित छात्र-छात्राओं की भीड़ को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि ऐसे ही प्रत्येक युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए,जिनके मे भी 12 ग्राम से अधिक रक्त है उन्हें रक्तदान अवश्य करना चाहिए,इससे लोगों में समाज सेवा एवं पुण्य काम करने का भाव पैदा होता है।रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए जिला चिकित्सालय जशपुर के लैब टेक्नोलॉजिस्ट पुरुषोत्तम कुंवर,स्टाफ नर्स श्रीमती असूंता खूंटे, वार्डब्वाय सतीश बेक,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव के काउंसलर वसुंधरा डहेरिया,योगेश कुमार नायक, मेडिकल लब टेक्नोलॉजिस्ट राजकुमार बर्मन,वार्ड ब्वाय पूर्णानंद नाग,मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट बी.डब्लू. शर्मा,आरएमए सुदीप राय की भूमिका अहम रही।मतदान करने की दिलायी शपथ-उक्त शिविर के दौरान उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने चुनावी वर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाता जागरूकता का अभियान भी चलाया जा रहा है इसके लिए महाविद्यालय में अध्यनरत नव-मतदाता छात्र-छात्राओं को निष्पक्ष होकर बिना प्रलोभन के सभी प्रकार की निर्वाचनों के मतदान प्रक्रिया में अवश्य भाग लेने के लिए प्रेरित किया प्राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. टी. आर. पाटले ने निष्पक्ष एवं अनिवार्य मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आर.एस. कान्त,आईक्यूएसी प्रभारी प्रो. अनुपमा प्रधान, क्रीड़ा अधिकारी प्रो. जे. के. भगत, रेडक्रास सोसाइटी के प्रभारी प्रो. विक्रांत मोदी, अतिथि प्राध्यापक संजय बघेल, श्रीमती संगीता बंजारा, हुमी सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।।

कलेक्टर ने स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया

कांकेर 14 सितम्बर । कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज बीएलओ के कार्यो के निरीक्षण के दौरान संबंधित मतदान केन्द्रों के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया, उनसे प्रश्न पूछे, पहाड़ा सुनाने को कहा तथा गणित को हल करने भी कहा। गोविन्दपुर के विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को पढ़ाते हुए बोर्ड की परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो भी विद्यार्थी राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनायेगा, उन्हें हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराई जायेगी।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि इस वर्ष के मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को आगामी माह में हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराई जायेगी।

कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया तथा भोजन की गुणवत्ता के संबंध में रसोइयों से पूछताछ की।

ट्रेनों के आवागमन को बाधित कर निजीकरणे के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 14 सितंबर । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, बीजापुर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में यात्री ट्रेनों के आवागमन में हो रही लेट लतीफी के विरोध में रेल मंत्री भारत सरकार के नाम बीजापुर तहसीलदार को ज्ञापन कांग्रेस ने दिया गया। क्षेत्रीय विधायक व बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विक्रम शाह मण्डावी ने मीडिया से कहा,केंद्र की मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेल सुविधा को समाप्त करने का साजिश रच रही है वर्षो से भारतीय रेल आम जनता का भरोसेमंद सस्ता और सुलभ परिवहन का पर्याय है.जिसे केंद्र की मोदी सरकार ने रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म करते हुए निजी हाथों में बेचने का षड्यंत्र कर रही है साथ ही ट्रेनों के परिचालन को निरस्त कर रही है वर्तमान में सेकड़ो ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया हैछत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश भेजने के लिये भी छत्तीसगढ़ की रेल यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया है,यह जानबूझ कर किया जाने वाला षड़यंत्र है,ताकि जनमानस में रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथों विशेषकर अडानी समूह को सौंप सके।रेलवे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है,कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है।कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केंद्र की मोदी सरकार यात्री ट्रेनोंको नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करे,साथ ही यात्री सुविधाओं में विकलांग,बुजुर्ग,रिटायर्ड सैनिकों ,छात्रों,बच्चो को पूर्व में मिलने वाली रियायतें बहाल की जाये तथा केंद्र की मोदी सरकार के रेलवे के निजीकरण करने के षडयंत्रो पर तत्काल विराम लगे। ज्ञापन देने के समय युवा आयोग सदस्य प्रवीण डोंगरे,जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम,सांसद प्रतिनिधी वेणु गोपाल राव,जनपद अध्यक्षा श्रीमती बोधि ताती,जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम,जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री शुखदेव नाग,जितेंद्र हेमला,नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष व पार्षद,ब्लाक अध्यक्ष रमेश यालम सहित कांग्रेस कार्यकता रहे मौजूद।

करैत सांप के डसने से युवक की मौत

परिजनों का आरोप, समय पर नहीं मिला सही इलाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/छुरा, 14 सितंबर। सरकारी हॉस्पिटल की लापरवाही आई सामने मृतक के परिजनों ने बताया कि साप काटने के बाद जप सिंग जीवित था और उसे 4 बजे अस्पताल लाया गया था और।जब उसे अस्पताल लाया गया तो सही समय पर इलाज नहीं होने की वजह से उसकी मौत हो गई जबकि उसे सांप काटने के बाद 108 की मदद से छूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था और डॉक्टर की लापरवाही की वजह से व्यक्ति की मौत हो गई विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत मूढ़ीपानी के एक कमार परिवार का हैं। सरकारी हॉस्पिटल में आदिवासी बेबस माँ बेटे की साँप काटने से मौत के बाद हॉस्पिटल के सामने रोते बिलखते हुए डॉक्टर पर लापरवाही और समय पर ईलाज नही करने का आरोप लगा कर न्याय की गुहार लगा रही थी। मौके पर एसडीएम छुरा ने जब कार्यवाही का आश्वसन दिया और पीएम के लिए शव भेजने लगे तो शव के सामने लेट गई मां और रोते हुए शव नही लेजाने व डॉक्टर को हटाने की जिद्द पर अड़ी रही लेकिन महिला पुलिस के द्वारा उसे जबरदस्ती हटाया गया, और शव को बिना परिजनों के पोस्टमार्टम के लिये ले जाया गया,हालांकि परिजन अभी भी शव को न्याय मिलने तक घर नही ले जाने की बात कह रहे है। परिजनों का आरोप है की साँप काटने के बाद सुबह ग्राम मूढ़हीपानी से जपसिंग कमार को हॉस्पिटल लाया गया था तब समय पर डॉक्टर नही आया जिससे इलाज नहीं होने से।जपसिंग ने दम तोड दिया तो वही इस बारे में चिकिसक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा एसपी प्रजापति ,, परिजन झूठ बोल रहे हैं कोई भी सांप काटे व्यक्ति चार घंटा तक जीवित रहता है परिवार का आरोप गलत है व्यक्ति रास्ते में हीं मर गया था।

एस डी एम छुरा भूपेंद साहू ने पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का पता चल पाएगा वा उसके उपरांत ही उचित कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत

मुर्दों के राशन कार्ड से राशन सामग्री निकाल कर खाने वाले सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम/छुरा,14 सितंबर। छुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कसेकेरा में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान क्र. 442012044 में दोषी पाए गये सेल्समेन के विरुद्ध त्वरित अनुशासनात्मक कार्यवाही करवाने के संबंध में एक बार फिर मृतक के परिजनों ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की है शिकायत कर्ता ग्रामीणों ने बताया कि दिनांक 03/02/2023 को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुविभाग छुरा के समक्ष शासकीय उचित मूल्य दुकान में पदस्थ सेल्समेन गिरधारी लाल यादव के द्वारा किये जा रहे कार्य व पद का दुरूपयोग कर मृत व्यक्तियों के नाम से राशन सामाग्री आहरण करने के संबंध में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था ।

जिसमें वह पूर्णतः दोषी पाया गया था। जिस पर खानापूर्ति की कार्यवाही कर पदस्थ सेल्समेन को उचित मूल्य दुकान से हटाकर दुसरे उचित मूल्य दुकान में पदस्थापना किया गया जो पूर्णतः गलत है और इस कार्यवाही से हम सब पीड़ित परिवार वाले असंतुष्ट है उक्त सेल्समेन के द्वारा किये गये कार्य में घोर लापरवाही व मृत व्यक्तियों का राशन आहरण करने पर भी सिर्फ दुसरे उचित मूल्य दुकान में स्थानांतरण करना कहाँ तक न्यायोचित है इस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए ।जिसको लेकर ग्रामीण डिगेश साहू के नेतृत्व में मृतक कार्ड धारी के परिजनों ने आवेदन देकर निवेदन किया है कि उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पूर्व पदस्थ सेल्समेन गिरधारी लाल यादव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाय।

समाचार संक्षेप

कलेक्टर ने हितग्राहियों को बांटा आयुष्मान कार्ड एवं टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार

बीजापुर, 14 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और हर गांव में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता के लिए आयुष्मान भवः अभियान की योजना तैयार की गई है। आयुष्मान भवः 3 घटकों वाला एक व्यापक अभियान है, आपके द्वार-आयुष्मान अभियान 3.0 अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु छूटे हुए सभी हितग्राहियो का आयुष्मान कार्ड बनाकर प्रदान किया जायेगा। इस दिशा में समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा एवं 2 अक्टूबर को ग्राम व वार्ड में सभा का आयोजन कर स्वास्थ्य सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। आज आयुष्मान भवः कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया। इसी के तहत आयुष्मान भवः अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम जिला चिकित्सालय बीजापुर में संपन्न हुआ। इस शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर के द्वारा खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया साथ ही टी बी के मरीजों को फूड बास्केट का वितरण कर टीवी मुक्त जिला बनाने के लिए लोगों से आह्वान किया। इस कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अजय रामटेके, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार धुव्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकर एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास खण्ड प्रबंधक श्री योगेश कुमार भगत द्वारा किया गया।

जिले में हो रहे निर्माण कार्यों की विधायक ने किया निरीक्षण

बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश के सबसे अंतिम छोर का जिला बीजापुर लगातार विकास की ओर अग्रसर है। जिले के पहुंच विहीन जगहों पर अब ग्रामीणों को मुलभूत सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। पामेड़, पुसनार, नेलसनार जैसे अंदरुनी इलाकों में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत नवीन शालाओं का निर्माण हो रहा है। जहां पक्के छत के नीचे बच्चे बैठ कर पढ़-लिख कर अपना भविष्य गढ़ रहे है। विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा विस्तार से की। उन्होंने सभी निर्माणधीन कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु ठेकेदारों एवं इंजीनियरों को निर्देश दिए। कुडुख, माहरा, उराव, महेश्वरी कवर, परधान जैसे समाजों के सामाजिक भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कलेक्टर ने कही। साथ ही नवीन निर्मित स्कूल भवनों के सीढ़ी में टाइल्स की जगह ग्रेनाइट का उपयोग करने एवं रेलिंग बनाने, स्कूल की छत घर जैसा बनाने ठेकेदारों एवं इंजिनियरों को समझाइस दी। विधायक श्री विक्रम मडावी एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने आज जिले में निर्माण हो रहे नवीन भवन सेंट्रल लाइब्रेरी, गार्मेंट फैक्ट्री, लोहा डोंगरी का निरीक्षण किया। भवनों के प्रगति कार्यो का निरीक्षण कर जल्द ही कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साह, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के तहत् उसूर में चिंतन शिविर का आयोजन

बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम 07 जनवरी 2023 को केन्द्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया। जिसमें देशभर से 500 ब्लॉक का चयन किया गया जिसमें जिला बीजापुर से विकासखण्ड उसूर का नाम सूची में सम्मिलित था। जिसके पश्चात् श्री राजेन्द्र कुमार कटारा कलेक्टर जिला बीजापुर के निर्देशानुसार आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम में चिंतन शिविर का आयोजन कर ब्लॉक स्तर के अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सरपंच / सचिव तथा जनप्रतिनिधि ने चिंतन शिविर में प्रतिभाग किया। चिंतन शिविर के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सहित कुल 10 विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा 39 इंडिकेटर्स के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया। तत्पश्चात दिनांक 13 सितंबर को ब्लॉक उसूर के अधिकारियों की बैठक का आयोजन जनपद कार्यालय उसूर में किया गया। जिसमें दिव्या नेगी (पीपीआईए फेलो) द्वारा प्रोग्राम के तहत् ब्लॉक विकास कार्ययोजना तैयार किये जाने और पंचायत स्तर पर चिंतन शिविर के आयोजन पर चर्चा की गई। जिसमें ब्लॉक स्तर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत उसूर (नोडल अधिकारी उसूर), खण्ड चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीपीएम एनआरएलएम, वरिष्ठ कृषि अधिकारी, उप अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड एवं पिरामल फाउण्डेशन के सदस्य भी उपस्थित थे।

कार्यशाला में दी सूचना के अधिकार की जानकारी

बीजापुर, 2 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार जिले में आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी, राज्य सूचना आयुक्त श्री धनवेन्द्र जायसवाल, सचिव श्री जीआर चुरेन्द्र (भा.प्र.से.) एवं संयुक्त संचालक श्री संतोष मौर्य उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहेंगे।संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि छ.ग. राज्य सूचना आयोग के निर्देशानुसार उक्त कार्यशाला का आयोजन आज 12 बजे होगा जिसमें जिले के सभी प्रभारी सूचना अधिकारी ,प्रथम अपीलीय अधिकारी शामिल होंगे। वहीं जनपद स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़कर कार्यशाला में शामिल होंगे।

एक नजर

पं मृदुलकांत शास्त्री का भाटापारा प्रवास 23 को

भाटापारा, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूज्य आचार्य पं मृदुलकांत शास्त्री, भागवताचार्य (वृन्दावन धाम) का भाटापारा में अल्प प्रवास के दौरान नगर के नारायणी नवलधाम, लिंकरोड में राधाष्टमी के पावन अवसर पर 23 सितम्बर को प्रातः 09 बजे से स्वागत एवम् सत्संगद्व मुलाकात का समय निर्धारित हुआ है। सभी धर्मप्रेमी बंधु सपरिवार पधारकर महराज का आशीर्वचन प्राप्त करें। पूर्व मण्डी अध्यक्ष अनिल भृगु ने बताया महराज प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक नारायणी नवल धाम(दादी मंदिर) लिंकरोड मे सत्संग एवं मुलाकात करेंगे।

आपदा पीड़ित 5 परिवारों को 20 लाख की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छततीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 5 लोगों के निकट परिजनों के लिए 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11, 12 सितम्बर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में खोरबाहरा पिता महेतरू, निवासी ग्राम सलौनी, तहसील पलारी, गजेन्द्र प्रसाद पाटिल पिता ओंकार पाटिल, निवासी ग्राम देवरी तहसील भाटापारा, फुलबाई पति स्व. विशाल पटेल निवासी ग्राम अमलकुण्डा, तहसील लवन, मीलूराम टंडन पिता हीरालाल टंडन, निवासी ग्राम डोटोपार, तहसील लवन एवं जितेन्द्र वर्मा पिता राजकुमार वर्मा, निवासी ग्राम पैंजनी तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश, कुंआ के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए 20 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छततीसगढ़ संवाददाता)। जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे एवं खनन प्रभावित क्षेत्र के हितग्राहियों को स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी एप्लाईड न्यूट्रीशन रायपुर के द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक हितग्राही 20 सितम्बर 2023 तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बी.एस.सी. हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स अवधि 3 वर्ष, डिप्लोमा इन फुड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बैवरेज सर्विस, डिप्लोमा एन हाउस कीपिंग, कोर्स अवधि 1 वर्ष 6 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं का निवास, खाना पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु बारहवीं अंकसूची, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फ़ोटो के साथ संयुक्त जिला कार्यालय स्थित जिला कौशल विकास प्राधिकरण बलौदाबाजार, कक्ष क्रमांक-70, कलेक्टोरेट परिसर, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में उपस्थित होकर अपना आवेदन पत्र 20 सितम्बर 2023 तक जमा कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संपर्क नं. 07727-299265 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

सैयाभांठा गांव के किसानों को नहीं मिली बोनस की राशि

दो किस्त जारी होने के बावजूद मई-अगस्त में बोनस की राशि किसानों के खाते में नहीं आई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कसडोल, 14 सितम्बर। विकासखंड कसडोल के वनग्राम सैयाभांठा के कई किसानों को अभी तक धान की राशि का राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बोनस नहीं मिला है जिसके चलते किसान आक्रोशित हैं। सैयाभांठा निवासी किसान इतवारी दीवान ने वर्ष 2022-23 में प्राथमिक सहकारी समिति बार में 100 क्विंटल सरना धान विक्रय किया था। धान का समर्थन मूल्य तो समय पर मिल गया लेकिन बोनस की दो किस्त जारी होने के बावजूद मई और अगस्त में जारी बोनस की राशि आज तक नहीं मिला जिसके चलते एक दर्जन किसान सोमवार को विकासखंड मुख्यालय कसडोल पहुंचकर मीडिया के समक्ष अपनी समस्या को रखा

अधिकारियों की समस्या हल करने में रुचि नहीं: इस दौरान किसान बेदराम बरिहा ने कहा कि विगत दिवस एसडीएम कसडोल से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने की गुजारिश की गई थी जिस पर एसडीएम में तहसीलदार को मार्किंग कर आवेदन फॉरवर्ड किया था । लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इधर किसानों ने बताया कि लगातार विभागों के चक्कर काटने से, वे परेशान हो चुके हैं लेकिन आश्वासन के सिवा अभी तक कुछ नहीं मिला। इधर विभाग के जानकार बतलाते हैं कि टेक्निकल समस्या के साथ, वनग्राम होने कारण बोनस की राशि अभी तक नहीं मिला है लेकिन सवाल यह उठता है कि वनग्राम में कई किसानों को बोनस की राशि मिल चुका है लेकिन इन किसानों को अभी तक क्यों नहीं मिला?

किसान अब आंदोलन की राह पर: गौरतलब है कि किसान लगातार बार सोसाइटी में आवेदन के साथ आधार नंबर और बैंक पासबुक जमा कर रहे हैं। वहीं बार सोसायटी के प्रबंधक, कागजात को हेड ऑफिस रायपुर भेजने की बात कह रहे हैं। लेकिन समस्या का समाधान जल्दी नहीं मिलने पर किसान अब आंदोलन की राह में दिखाई दे रहे है। फिलहाल किसान बोनस की राशि जल्दी नहीं मिलने पर चुनाव का बहिष्कार के साथ सड़क उतरकर आंदोलन करने की बात कह रहे हैं ।

सोमवार को बोनस की समस्या को लेकर किसानों में मुख्य रूप से सुखदेव यादव, वेदराम बरिहा, पदुमलाल विश्वकर्मा, तेजराम ठाकुर, गीताराम कंवर, जयराम दीवान, ईतवारी दीवान, मोतीराम ओगरे, केवल सिंह चौहान सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

वनग्राम होने के कारण कुछ किसानों को बोनस की राशि नहीं मिला है, जानकारी मंगवा लिया हूं। जल्द ही बोनस राशि मिल जाएगा।

अविनाश शर्मा, नोडल अधिकारी सहकारी समिति बलौदाबाजार-भाटापारा

अब सड़क में उतरकर आंदोलन करेंगे। हम लोग लगातार सोसायटी, कृषि विभाग, तहसीलदार, एसडीएम के पास जा जाकर थक गए हैं लेकिन कोई समाधान नहीं कर रहा है। वहां के कर्मचारी केवल परेशान कर रहे हैं। अगर हम लोगों को बोनस की राशि जल्दी नहीं मिला तो अब सड़क में उतरकर आंदोलन करेंगें।

बेदराम बरिहा, किसान, ग्राम सैयाभांठा

बार सोसाइटी में लगभग 2700 किसान पंजीकृत है जिसमें से 70 से 75 किसानों को बोनस राशि नहीं मिला है। आवेदन के साथ आधार नंबर और बैंक पासबुक की फोटोप्रति ले लिया गया है जल्द ही बोनस की राशि आ जाएगी।

अरुण दीवान, प्रबंधक बार सहकारी समिति

स्वच्छता पखवाड़े में विविध आयोजन हुए, निकाली मतदाता जागरूकता रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 14 सितम्बर। तिल्दा-नेवरा में 13सितम्बर को रुहा राम वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक -01 में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार चन्दानी के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शाला के प्रधान अध्यापक विनोद वर्मा के नेतृत्व में मतदान हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल के महामंत्री सौरभ जैन उपस्थित हुए उन्होंने हरी झंडी दिखाते हुए रैली को रवाना किया छात्रों ने उन्हें संकल्प धागा बांधकर संकल्प लिया कि वेअपने परिवार जनों मित्र जनों मोहल्लेवासियों एवं जिससे भी उनकी जिसे भी उनकी जान पहचान है उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करेंगे शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी एक दूसरे को संकल्प धागा बांधते हुए संकल्प लिया कि स्वयं मतदान करेंगे एवं लोगों को भी मतदान हेतु जागरूक करेंगे।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को सौरभ जैन द्वारा पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य गण रानी गोस्वामी, प्रभा यादव, पुष्पा मानिकपुरी, कुसुम निषाद, कलेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्ष्मी देवी वर्मा सविता वर्मा संध्या वर्मा रश्मि किरण नायक का विशेष योगदान रहा, कार्यक्रम का संचालन संगीता रानी जेहोआश ने किया।

सेवा सुगधंम ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

छात्र-छात्राएं मेडल, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 14 सितम्बर। लगातार सेवा मे समर्पित सेवा सुगंधम समाजिक जन कल्याण समिति। तरपोंगी सेवा सुगंधम सामाजिक जन कल्याण समिति रायपुर के तत्वाधान में लगातार तिल्दा विकासखंड के प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 सितंबर को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महोदा में प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें आठ संकुल के कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, एवं 12वीं एवं महाविद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल प्रशस्ति पत्र जीवनोपयोगी पत्रिका देकर सम्मानित किया गया उक्त संस्था के संस्थापक एवं कार्यक्रम के आयोजन टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया की जन सेवा करना ही इस संस्था का मूल उद्देश्य है चाहे वह गरीब कन्याओं का विवाह हो कृषकों को बीज वितरण दिव्यांगों को विशेष सहायता हो प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान हो वरिष्ठ गुरुजनों का अभिनंदन हो, ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। आज के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया अपने उद्बोधन में अपने छात्र जीवन को याद करते हुए अपने गुरुजनों का स्मरण किया उपस्थित विद्यार्थियों गुरुजनों पालकों को उद्बोधित करते हुए कहा कि ज्ञानार्जन जीवन को सार्थक बना देता है। अनेक संस्कृत के श्लोको का उच्चारण कर उनके अर्थो को समझाया विद्या ददाती विनियम का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ हुआ छात्राओं ने वंदना गीत गाकर सब का मन मोह लिया वही कार्यक्रम के संचालक छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि ऋषि वर्मा बईगा ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर शमा बांध दिया उक्त कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ग्राम मोहदा के 90 वर्षीय सेवानिवृत्ति शिक्षक पूरनलाल सिन्हा का विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभी संकुलो के शिक्षकों एवं समन्वयकों को प्रशस्ति पत्र, पेन और डायरी देकर अभिनंदन किया गया उक्त कार्यक्रम के अध्यक्षता भरत रात्रे सरपंच मोहदा मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम विशिष्ट अतिथि में देवेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी डॉक्टर चिन्मन साहू जनपद सदस्य बिंदिया वर्मा सरपंच ग्राम निनवा मनोज मढ़रिया सरपंच तरपोंगी शिवकुमार हनुमंता सरपंच खैरखूट सुनील वर्मा, अनिरुद्ध पांडेय नोडल प्राचार्य, अशोक कश्यप अध्यक्ष, डॉ संतोष बिजौरा सौरभ सिरमौर, योगेन्द्र पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कौशल वर्मा समन्वयक तरपोंगी, नरेंद्र वर्मा अध्यक्ष समन्वयक संघ, अशोक वर्मा शिक्षक, पुनाराम वर्मा समन्वयक, गिरवर सोनी समन्वयक अश्वनी वर्मा शिक्षक, ऋषि कुमार वर्मा समन्वयक, संचालक का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस अवसर पर सैकडो की संख्या में शिक्षक समुदाय पालक ग्रामीणजन विद्यार्थी समूह उपस्थित रहे। ऐतिहासिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु टिकेंद्र उपाध्याय की भूरी भूरी प्रशंसा किया गया साथ ही ग्राम मोहदा के भूपेंद्र सिन्हा ने सबके लिए स्वलपाहार का व्यवस्था किया गया।

सिमगा में अखंड रामनाम सप्ताह की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 14 सितम्बर। अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन धूमधाम के साथ मनाया जा रहा। नगर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े धूमधाम एवं हर्सोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्री अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन 114 वर्षो से लगातार किया जा रहा है जहां सात दिनों तक अनवरत राम नाम का जाप किया जाता है। हर मोहल्लें के लोग इस अखंड रामनाम सप्ताह आयोजन में शामिल होते है। अखंड राम नाम सप्ताह श्रीकृष्ण हां जन्माष्टमी से प्रारंभ होता हैं और पोला पर्व पर समापन होता हैं। शाम को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर राधा कृष्ण की झांकी बनाकर नगर में यादवों की टोली के साथ मटकी फोड़ने नगर के चौक चौराहा में शोभायात्रा के साथ निकलते हैं।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202309092200013

विषय:- ब- 121
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन्:- 2022-2023
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- दलजीत सिंह भाटिया,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दलजीत सिंह भाटिया आ. इंदर सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र बाबु सिंह भाटिया आ. दलजीत सिंह भाटिया जन्म दिनांक 01.04.1990 को ग्राम डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.09.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/09/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव

रा.प्र.क्रमांक- 202306092100065
अ/6(अ)वर्ष 2022-23

ईश्तहार

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकिशोर सिन्हा पिता श्याम सिन्हा जाति कलार निवासी वार्ड नम्बर 13 भगत सिंह रोड, राम नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) क्रेता के द्वारा विक्रेता घनाराम पिता कोदु निवासी ग्राम बुढानछापर तहसील डोंगरगढ़ एवं कृष्णा पिता बगडू निवासी वार्ड नम्बर 19 शांति नगर सुपेला भिलाई के स्वामित्व व आधिपत्य कि कृषि भूमि ग्राम जामरी प.ह.न. 18 रा.नि.म. डोंगरगढ़ में ख.न. 661/1 रकबा 0.283 हे. में से 0.243 हे./0.060 एकड़ को पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.06.2021 को क्रय किया गया है तथा क्रय कि गई भूमि पर कास्त काबिज है, उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर श्रीमान तहसीलदार डोंगरगढ़ द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 641962506202101010 आदेश दिनांक 30.07.2021 को क्रेता के नाम भूमि को नामांतरण किये जाने का आदेश प्रदान किया गया है के अनुसार हल्का पटवारी के द्वारा राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किया गया, आवेदक के ऋण पुस्तिका में ख.न. 661/1 रकबा 0.243हे.0.060 एकड़ सही इन्द्राज किया गया है तथा त्रुटिवश ऑनलाईन बी-1, खसरा में ख.न. 661/1 रकबा 0.283 हे. दर्ज किया गया है। जिससे आवेदक को अनेक कठिनाईया हो रही है, उपरोक्त भूमि को राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार किये जाने का निवेदन किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह आज दिनांक 28.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्र. /ब-121/2022-23

//उद्घोषणा पत्र//

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. रेशम बघेल पिता रूपसिंह बघेल जाति महार निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने दादी जी स्व. मिटकी बघेल पति स्व. दामू बघेल निवासी निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 22/08/2017 को निवास स्थान शहर निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड जगदलपुर में हुई है। आवेदिका किसी कारण से अपने दादी जी का मृत्यु तिथि 22/08/2017 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाई थी। वर्तमान में आवेदिका को अपने दादी जी की मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदिका के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 21/09/2023 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 05.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार(नजूल) जगदलपुर

राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों देशभर में हुई आयुष्मान भवः कार्यक्रम की शुरुआत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 14 सितम्बर। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा आज पूरे देश भर में आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसमें देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री सहित सभी राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री एवं अधिकारी कर्मचारी भी वर्चुअल जुड़े रहे। इस कड़ी में बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में भी सीएमएचओ कार्यालय, जिला अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों में उपस्थित चिकित्सा स्टाफ एवं आम ग्रामीण जनों ने ऑनलाइन जुड़कर शुभारंभ में अपनी सहभागिता दिखाई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, आयुष्मान भवः कार्यक्रम मुख्य रूप से तीन घटकों वाला व्यापक कार्यक्रम है - पहला, 17 सितंबर से शुरू होने वाला आयुष्मान आप के द्वार 3.0 जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाएं जायेंगे। दूसरा, 17 सितंबर से आयुष्मान मेला शुरू होगा जिसे दो चरणों ने मनाया जाएगा। पहले चरण में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस केंद्रों में सप्ताहवार विभिन्न थीम जैसे एन सी डी /टीबी/कुष्ठ मात्रा एवं शिशु स्वास्थ्य इत्यादि पर स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ रूप से उपलब्ध कराना दूसरे चरण में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध विशेषज्ञ के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में साप्ताहिक रूप में स्क्रीन जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना। आयुष्मान भवः का तीसरा बड़ा कार्यक्रम 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन करना है जिसमें ग्राम एवं वार्ड स्तरीय सभा आयोजित की जाएगी। सभा में आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, सिकल सेल टीकाकरण एवं टीबी मरीजों के पहचान के संबंध में चर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। जाँच में शुगर, बीपी, सिकल सेल, टीबी की स्क्रीनिंग की जाएगी।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप तथा अंगदान हेतु शपथ का भी आयोजन किया जाएगा।

35 पाव देशी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 14 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बलौदाबाजार पुलिस ने अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 सितम्बर को को मुखबीर की सूचना पर आरोपी हेमलाल यादव पिता फिरतु यादव उम्र 35 वर्ष साकिन छेरकापुर थाना पलारी जिला ब बा भाटा0 के पास से भारी मात्रा में शराब रखने व परिवहन करने की सूचना पर घेराबंदी कर पकडे तथा आरोपी से 35 पाव देशी मंदिरा मसाला शराब किमती 3850 रूपये प्रयुक्त ञ्झ्रुस लूना क्रमांक ष्टत्र22ड्ड9970 को जप्त किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)

Phone No.: 07824-222118 email:eebem-phe-cg@nic.in

निआसू.क्र. 164/तशा/का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2022 बेमेतरा, दिनांक 08.09.2023

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बेमेतरा के अंतर्गत जिला-बेमेतरा के जिला स्तरीय प्रयोगशाला सामग्री प्रदाय करने का कार्य हेतु मुहरबंद निविदायें प्रपत्र ''सी'' में आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (रु. लाख में)
1	Providing and Supply of UV Visible Spectrometer For Divisional Water Testing Laboratory Dist Bemetara.	10.36
2	Providing and Supply of Chemicals For Divisional Water Testing Laboratory Dist Bemetara.	3.85
3	Providing and Supply of Glassware i/c packing and transportation.	4.19

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.09.2023 सिंध्या 5.00 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2023 को संध्या 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/eproject/nit में दिनांक 20.09.2023 को संध्या 5.00 बजे तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी-05263/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)

'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना' (निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य-पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **निविदाएँ मिशन संचालक महोदय के निर्देशानुसार दिये नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के आधार पर आमंत्रित की जा रही है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड नये ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें पुराने नियम एवं शर्तों के आधार पर भाग लेने पर अपात्र कर दिया जावेगा।** जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

क्र.	निविदा क्रमांक/दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम	कॉल	कार्य की अनु लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
1	2	3	4	5	6	7
1	570/06.09.2023	146990	MARRIMADGU	5th call	15.70	11775/-
2	576/06.09.2023	146991	KADENAR	3rd call	45.70	34275/-
3	577/06.09.2023	147106	KARREMARKA (G.P. Tindodi)	3rd call	41.24	30930/-
4	578/06.09.2023	147110	BELCHAR	3rd call	45.62	34215/-
5	580/11.09.2023	147196	HALOOR & IRPAPOMARA	5th call	61.27	45953/-
6	581/11.09.2023	147244	BADEKAKLER	5th call	23.33	17498/-
7	582/11.09.2023	147229	JARWA	5th call	8.76	6570/-
8	583/11.09.2023	147209	DUDEPALLI	5th call	19.16	14370/-
9	584/11.09.2023	147204	USPARI	5th call	8.97	6728/-
10	585/11.09.2023	147202	PEDADHARMARAM	5th call	11.35	8513/-

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) क्रमांक 01 से 04 तक **05.10.2023** तक एवं कमांक 05 से 10 तक **16.10.2023** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) क्रमांक 01 से 04 तक **12.09.2023** एवं क्रमांक 05 से 10 तक **14.09.2023** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

जी-05303/5

जी-20 शिष्टमंडल को कराया जाएगा छग की संस्कृति से अवगत

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 सितम्बर। राजधानी में जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्रालय के अधिकारी शीघ्र आएंगे। मुख्य सचिव 18 व 19 सितम्बर को होने वाली जी-20 के शिष्टमंडल की बैठक को सफल बनाने के लिए निरंतर निर्देश दे रहे हैं।भारत में जी-20 के राष्ट्रप्रमुखों का सम्मेलन हो चुका है इसमें एक सामान्य घोषणा पत्र जारी हो चुका है। अब शिष्टमंडल छत्तीसगढ़ आएगा जो कि छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति एवं इतिहास के बारे में जानकारी लेगा। मुख्य सचिव ने विदेश से आए मेहमानों को पुरखौती मुक्तांगन, सिरपुर तथा अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर घुमाने की विशेष व्यवस्था की है। नई राजधानी के एक निजी होटल में इन्हें ठहराया जाएगा। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को नहीं बुलाया गया है। इससे छत्तीसगढ़ को कोई व्यापारिक लाभ नहीं होने वाला है। अधिकारियों के अनुसार शिष्टमंडल की सिर्फ औपचारिक बैठक होगी।

छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। विदेशी मेहमानों के लिए बस्तर, सरगुजा से आए आदिवासियों का नृत्य आयोजित किया जाएगा। यहां पर प्राचीन एवं ऐतिहासिक कलाकृतियों को भी दर्शाया जाएगा। विदेशी मुद्रा को परिवर्तन करने के लिए यहां पर विशेष व्यवस्था की गई है। शिष्टमंडल को एक एटीएम विशेष रूप से प्रदान किया जाएगा। मुख्य सचिव इस बैठक को सफल बनाने के लिए निरंतर बैठकें ले रहे हैं। सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाएगा। नई राजधानी के आसपास तथा एयरपोर्ट के पास विशेष साज-सज्जा की गई है। ग्लोबल सम्मिट में आए शिष्टमंडल से राज्यपाल भी मुलाकात कर सकते हैं। यहां की सभी सड़कों पर मजबूत बैरिकेडिंग कर पुलिस तैनात रहेगी। तीन दिन पहले से ही सुरक्षा का पूर्वाभ्यास शुरू हो जाएगा। रायपुर के आईजी रतन लाल डांगी पूरी व्यवस्था के प्रभारी होंगे उनके साथ एसएसपी रायपुर की मानिटरिंग में दो सेनानी, 13 एएसपी, 21 डीएसपी, 38 इंस्पेक्टर 84 सब इंस्पेक्टर और 400 जवान इलाके में तैनात रहेंगे। कार्यक्रम स्थल के लिए 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है। होटल, एयरपोर्ट सहित जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती रहेगी। प्रदेश के अलग-अलग जिले से एक हजार जवानों की तैनाती की जाएगी। होटल में डीएसपी रैंक के अधिकारी तैनात रहेंगे। आने-जाने वालों की तलाशी ली जाएगी। इस आयोजन में देश और विदेश के 50 विशेष प्रतिनिधियों आने की संभावना है। इसमें अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रमुख और सदस्य भी होंगे।

घरो-घर होइस बइला अउ पोरा के पूजा

रायपुर 14 सितंबर। पारंपरिक पोला पर्व आज पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जा रहा है. अच्छी फसल की कामना को लेकर मनाए जाने वाले इस पर्व के दौरान खेती कार्य से बैलों को कुछ दिनों के लिए आराम दिया जाता है.आज बैलों को नहला-धुलाकर उनका श्रृंगार कर किसानों ने पूजा की तथा अपने हाथों से भोजन खिलाये। वहीं घरों में मिट्टी से बने घरेलू सामानों के साथ मिट्टी से बने बैलों की पूजा-अर्चना की गई। छोटे बच्चे आज मिट्टी के बने बैलों के साथ खेलते नजर आये।

एक नजर

उड़िया समाज 20 को मनाएगा नुआ खाई

रायपुर 14 सितंबर। उड़िया समाज का महापर्व नुआखाई 20 सितंबर को मनाया जायेगा। नुआखाई पर्व पुरातन काल से कृषि प्रधान उड़िया परिवार हर्षोल्लास के साथ मनाते आ रहा है। राजधानी के प्रमुख चौक चौराहे से एकता का अधिक संख्या में समाज जन नगर कीर्तन पारंपरिक पोषाक एवं वाद्यों के साथ सम्मिलित होंगे। शोभा यात्रा की खास बात ये रहेगी कि राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाली समाज की बेटी मानसी तांडी समेत संस्कृति, कला एवं खेल के क्षेत्र में अन्य प्रतिभावान छात्र-छात्रा खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। बुढ़ी माता मंदिर राजेन्द्र नगर से प्रारंभ होन वाली यह शोभा यात्रा अपने संस्कृति को दर्शाते हुए मधुसूदन दास चौक से समाप्त होगी।

मदरसा शिक्षकों को पगार के लाले

रायपुर 14 सितंबर। छत्तीसगढ़ मदरसाबोर्ड द्वारा पंजीकृत मान्यता प्रापत तकरीबन 300 मदरसों के 1000 शिक्षकों को 2017-18 से 2020-21 तथा सितम्बर 2021 से 2023 तक का लगभग 6 वर्ष का मानदेय अप्राप्त है। इस संबंध में लगातार शासन-प्रशासन को ज्ञापन, पत्र और भेंट कर अवगत कराते रहे है पर आज पर्यन्त तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। मस्लिम समुदाय द्वारा रायपुर में मुख्यमंत्री का इस्तेकबालिया प्रोग्राम रखा गया था। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा था कि हम मानदेय का भुगतान करेंगे, उसके बाद अनेको बार और भेंट मुलाकात कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन दिया गया किन्तु पांच साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, हमे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। छ.ग. मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा साढ़े चार साल का 40% राज्यांश के लिए फाइल चलाने की बात बताई गई और बहुत जल्द मानदेय का भुगतान करने की आश्वासन मिलता रहा किनतु आज पर्यन्त तक मानदेय अप्राप्त है। हमारी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो15 दिवस पश्चात उग्र आंदोलन के लिए अग्रसर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह जानकारी इस्लामिक मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मो. इफ्तेखार खान दी है।

दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर, 14 सितंबर। खमतराई स्थित फेटो कॉपी दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुलाब सिंह 45 वर्ष संयासीपारा खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजेड 7497 को खमतराई स्थित ज्योति फेटो कॉपी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 5 गिरफ्तार

रायपुर, 14 सितंबर । राजधानी पुलिस ने सरेआम शराब पीते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने आर्शीवाद चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी दिलहरण साहू 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी दीनानाथ साव 47 वर्ष व राहुल दत्ता 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डीडीनगर पुलिस ने आरोपी सन्नी दुबे 27 वर्ष व रमेश ध्रुव 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। बंछोर

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर, 14 सितंबर । अभनपुर व तेलीबांधा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने पुराना धमतरी रोड तिराहा के पास भरेंगाभाठा के पास अवैध शराब बेचते आरोपी कुमार यादव 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 68 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह दूसरे मामले में तेलीबांधा पुलिस ने स्काईलॉच कैफे वीआईपी रोड में आरोपी गया प्रसाद मिश्रा 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 41 बॉटल बियर, 2 बॉटल एवं 5 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कॉलोनाइजर एक्ट में छत्तीसगढ़ सरकार ने किया बड़ा बदलाव

रायपुर, 14 सितंबर । छत्तीसगढ़ सरकार ने कॉलोनाइजर एक्ट में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत सरकार ने आर्थिक रुप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवनयापन करने वालों के लिए आरक्षित किए जाने वाले जमीन और मकान के मापदंड में बदलाव किया है। कॉलोनाइनजर एक्ट में किए गए इस बदलाव को लेकर सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है।

नरवा, घुरूवा, गरूवा व बाड़ी की गूंज केरल में

रायपुर 14 सितंबर। केरल गए रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्ययन दल को उस समय सुखद आश्चर्य हुआ जब वहां के लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की योजना नरवा, घुरूवा, गरूवा और बाड़ी पर चर्चा करते हुए इस योजना की पूरी जानकारी ली। दल के मुखिया रविप्रा के उपाध्यक्ष शिवसिंग ठाकुर ने केरलावासियों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना किसानों,पशुपालकों (गाय,भैंस,बैल) तथा आम लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक है। इस योजना से सिंचाई व निस्तार के लिए पानी की कमी तो दूर हुई ही है, भू-जल स्त्रोत भी बढ़ा है। नालों को जीवनदान मिला है, किसानों को प्राकृतिक खाद मिलने लगा है। इससे खेतों में फसल की उपज बढ़ी है। किसानों को ज्यादा आय होने लगी है। पशुओं के लिए गोठान की व्यवस्था कर उनके लिए चारा व पानी के समुचित प्रबंध किए गए हैं। इससे आवारा पशुओं पर रोक लगी है। अब पशु खड़ी फसल को चर कर नुकसान नहीं पहुंचा पाते। बाड़ी ने मकान के खाली स्थानों पर सब्जी उगाने का नया रास्ता दे दिया है। बारी-बखरी छत्तीसगढ़ की पुरानी संस्कृति है। शिव सिंह ठाकुर ने बताया कि इस योजना को लेकर केरलवासियों में भारी उत्साह है। प्रतिनिधिमंडल ने भूपेश बघेल सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से त्रिवेन्द्रम विकास प्राधिकरण व ग्रेटर कोचिन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत कराया। साथ ही केरल की योजनाओं की जानकारी ली। कोचिन विकास प्राधिकरण स्टेडियम बांध व सड़कें भी बनाता है। त्रिवेन्द्र विकास प्राधिकरण केवल कमर्शियल काम्प्लेक्स का निर्माण करता है।

चुनाव के पूर्व मतदाताओं को कराया जा रहा तीर्थाटन

जन्मदिवस तथा त्योहारों के बहाने दावेदार कर रहे शक्ति प्रदर्शन

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 सितम्बर। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही अब चुनाव लड़ने वाले के इच्छुक नेता अपने समर्थकों को तीर्थाटन कराने ले जा रहे हैं। वहीं अन्य महत्वाकांक्षी दावेदार भोज के बहाने अपने समर्थकों को इकट्ठा कर अपनी राजनीतिक ताकत को प्रदर्शित कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवम्बर में होना निश्चित है। कुछ प्रत्याशियों की अधिकृत घोषणा सिर्फ भाजपा ने की है। कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। धरसींवा से चुनाव लड़ने की इच्छुक पूर्व राज्यसभा सांसद इस समय भारी सक्रिय हैं। प्रदेश के निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता भी गांव-गांव घूमकर समर्थन मांग रहे हैं। बलौदाबाजार विस क्षेत्र में इस समय जातिवाद का पेंच ऐसा फंस गया है कि एक ही जाति वर्ग के कई लोग दावेदार हो गए हैं।

पूर्व महिला सांसद ने अपने समर्थकों को तीर्थाटन के लिए दंतेवाड़ा भेज दिया है। हाल ही में हुई महाशिवपुराण कथा में उन्होंने सक्रियता दिखाई थी। धरसींवा विस में भी इस समय जातिवाद का बोलबाला है। विभिन्न समाज के लोग टिकिट मांग रहे हैं। आरंग तथा अभनपुर में भी यही स्थिति बनी हुई है। भाजपा के एक सशक्त उम्मीदवार ने भागवत का आयोजन कर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। रायपुर शहर की चारों सीटों के लिए मारामारी मची हुई है। रायपुर पश्चिम में कांवड़ यात्रा के बहाने भाजपा के राजेश मूणत और कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने शक्ति प्रदर्शन किया है। भाजपा के एक पार्षद ने तो अपने वार्ड के लोगों को जगन्नाथ पुरी तीर्थाटन के लिए भेजा है। रायपुर शहर के उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के सभी महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हैं। एक समाज के धर्मगुरु के पुत्र की चुनाव लड़ने की दावेदारी को लेकर भी काफी चर्चा है। वे समाज के धर्मगुरु हैं। जब तक टिकिट की घोषणा नहीं हो जाती तब तक सभी दावेदार अपने-अपने जन्मदिवस तथा अन्य कार्यक्रमों के बहाने अपने राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

गणेश-दुर्गा उत्सव की तैयारियां जोरों पर

चालू माह में तीज त्यौहार होने के कारण मतदाताओं की पौ-बारह हैं। विभिन्न पार्टियों द्वारा तीजा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर साड़ी सहित श्रृंगार के सामान बांटे जा रहे हैं। गणेशोत्सव मनाने वाले भी सभी उम्मीदवारों से बड़ी राशि चंदा के रूप में मांग रहे हैं। इसके पश्चात नवरात्र का त्यौहार आने वाला है जिसमें डीजे सहित अन्य खर्चों के लिए भी बड़ी राशि मांगी जाएगी।

बूढ़ातालाब में मिली युवक की लाश इलाके में फैली सनसनी

रायपुर 14 सितंबर। बूढ़ा तालाब में तैरती हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, पोस्टमार्टम के बाद पूरी जानकारी सामने आएगी। रायपुर के बूढ़ा तालाब में आज सुबह एक शव मिला। बताया जा रहा है की यह शव सदर बाजार गोपाल मंदिर के पीछे रहने वाले व्यवसायी योगेश व्यास पिता गुणवंत व्यास (उम्र 56 वर्ष) का बताया जा रहा है। योगेश कल शाम 5:00 बजे बिना बताए घर से चला गया था। उनके पिता स्व. गुणवंत व्यास सर प्रसिद्ध संगीतकार और दुर्गा कॉलेज में प्रोफेसर रहे हैं। तीन दिन पहले ही योगेश ने प्रेस क्लब में गाना गाया था।

पीसीसी अध्यक्ष का स्वागत

रायपुर 14 सितंबर। विधाननाभा जैजैपुर में आयोजित कांग्रेस का संकल्प शिविर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस दीपक बैज राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव बतौर अतिथि शामिल हुए आयोजित शिविर में आगमन पर कांग्रेस सुप्रीमो दीपक बैज का डॉ.चौलेश्वर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाता छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा में संकल्प शिविर का आयोजन आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में बुधवार को जैजैपुर विधानसभा में संकल्प शिविर का आयोजन आयोजित हुआ आयोजित शिविर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का प्रथम बार जैजैपुर आगमन हुआ श्री बैज के आगमन पर भारत जोड़ो यात्रा में जन नायक राहुल गांधी के साथ यात्रा के शुभारंभ से समापन तक रहे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व पांच सौ कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ विश्राम गृह से सद्भावना भवन तक रैली निकालकर भव्य स्वागत किया गया।

आसमान से बरस रहा अमृत धान के पौधों को मिली संजीवनी

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 14 सितम्बर। प्रदेश में हो रही वर्षा धान के पौधों के लिए जीवनदायनी सिद्ध हो रही है। खण्ड वर्षा से परेशान कृषकों ने पिछले 24 घंटे से हो रही अनवरत वर्षा से राहत की सांस ली है।

रायपुर जिले के कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार रायपुर जिले में अभी तक 108 प्रतिशत वर्षा हो चुकी है। असिंचित क्षेत्रों में वर्षा होने से धान के पौधों को नया जीवन मिला है। अभनपुर में भी वर्षा होने से किसान प्रसन्न हैं। किसानों के अनुसार धान पकने के ठीक पहले वर्षा की आवश्यकता होगी। आरंग तथा धरसींवा ब्लाक में भी वर्षा से किसानों को राहत मिली है। राजस्व विभाग के अनुसार कुल 10 जिले सूखे से प्रभावित थे लेकिन वर्षा के पश्चात् स्थिति में सुधार है। दक्षिण बस्तर में 1300 मिमी वर्षा हुई है। जबकि सरगुजा जिले में मात्र 700 मिमी वर्षा हुई है। जिसके कारण सरगुजा संभाग के बलरामपुर, कोरिया, जशपुर में सूखे की स्थिति निर्मित हो गई थी। रायगढ़ में भी अनवरत वर्षा हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका छत्तीसगढ़ से होकर जा रही है जिसके कारण यहां पर पर्याप्त वर्षा हो रही है। यहां का तापमान न्यूनतम 27 डिग्री हो गया है। हवा में आर्द्रता 86 प्रतिशत दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे वर्षा होने की चेतावनी दी है।

बेमेतरा, बालोद तथा कवर्धा जिले में भी पिछले दो दिनों से हो रही वर्षा धान के पौधों के लिए वर्षा संजीवनी बन गई है। इस समय किसान खाद का भी उठाव कर रहे हैं। यूरिया सहित पोटाश की डिमांड बनी हुई है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे यूरिया का छिड़काव करें। कृषि विभाग के अनुसार उत्तरी, दक्षिणी तथा मध्य छत्तीसगढ़ में आज और कल हुई वर्षा ने धान के पौधों को नया जीवन दिया है। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष धान की रिकार्ड पैदावार का लक्ष्य है। अधिकारियों के अनुसार किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे धान के पौधों को कीड़ों से बचाएं। यहां पर हवा में आर्द्रता होने के कारण माहो का प्रकोप फैलने की आशंका है।

किसानों को मुफ्त में बी-1 की कॉपी

किसानों को इस वर्ष बायोमेट्रिक सिस्टम से धान बेचना होगा। राज्य में इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा बी-1 की कॉपी मुफ्त में दी जा रही है। किसानों को नॉमिनी बनाना होगा। यदि बायोमेट्रिक सिस्टम में अंगूठे की पहचान नहीं हुई तो एक अधिकारी विशेष रूप से नियुक्ति किया जा रहा है जो कि किसान के होने को प्रमाणित करेगा।

जलजीवन मिशन में छग को राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर14 सितंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सराहा जा रहा है। इसी कड़ी में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। नारायणपुर जिले को आकांक्षी जिले के अंतर्गत जलजीवन सर्वेक्षण 2023 में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से केंद्रीय जलशक्ति, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सम्मान के लिए नारायणपुर जिलावासियों को तथा इस कार्य में लगे जलजीवन मिशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है।

गौरतलब है कि बेहद कठिन बसाहटों वाले नारायणपुर जिले के गाँव-गाँव में हर ग्रामीण को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसे सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार ने आंकाक्षी जिले के अंतर्गत नारायणपुर जिले को सम्मानित किया। केंद्र सरकार द्वारा जलजीवन सर्वेक्षण 1 अक्टूबर 2022 से 30 जून 2023 तक कराया गया। इसमें आकांक्षी जिलों अंतर्गत नारायणपुर जिले का कार्य उत्कृष्ट पाया गया। इस जिले के लिए जलजीवन मिशन ने 30 हजार 322 परिवारों तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य रखा था इसमें 18 हजार 72 घरों तक नल कनेक्शन पहुँचाया जा चुका है। 14 गाँव ऐसे हैं जहां शतप्रतिशत परिवारों को कनेक्शन दिया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जलजीवन मिशन के अंतर्गत शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम मिशन मोड पर किया जा रहा है। मिशन संचालक जलजीवन मिशन श्री आलोक कटियार ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के सतत् मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के कार्यों में मानक गुणवत्ता के साथ वांछित प्रगति प्राप्त हुई है, वर्तमान स्थिति में राज्य द्वारा औसतन प्रतिदिन 7000 घरेलू कनेक्शन की उपलब्धि अर्जित की जा रही है तथा 60 प्रतिशत परिवारों को घरेलू कनेक्शन दिया जा चुका है। अब तक राज्य के कुल 422 ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि नारायणपुर जिले में दो विकासखंड ओरछा और नारायणपुर है।

विकासखंड ओरछा का अधिकांश क्षेत्र अबूझमाड़ के अंतर्गत आता है जो लगभग 4 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ पहाड़ एवं घने जंगलों से घिरा हुआ है। अभी तक इन क्षेत्रों का सर्वे भी नहीं हो पाया है। इस असर्वेक्षित क्षेत्र में 275 से अधिक ग्राम है, जिसके किसानों के हितों को देखते हुये मसाहती सर्वे के कार्य हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था। मसाहती ग्रामों में सर्वे कार्य चल रहा है । जल जीवन मिशन अन्तर्गत सोलर पम्प आधारित पेयजल योजनाये इस जिले के दूर-दूर में फैले बसाहटों में निवासरत ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ टी-20 आमंत्रण कप टूर्नामेंट 17 से

रायपुर 14 सितंबर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 17 से 8 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ टी20 आमंत्रण कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया ता रहा है। इस वर्ष से महिला टी20 का भी आयोजन किया जा रहा है, जबकि पुरुष वर्ग में आयोजन का यह दूसरा वर्ष होगा। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। विजेता तथा उपविजेता टीमों के लिए कप के साथ - साथ दोनों वर्ग में इनामी राशि रखी गई है। यह जानकारी संयुक्त पत्रकारवार्ता में छत्तीगसढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जुबीन शाह, संयुक्त सचिव जीएस मूर्ति तथा मीडिया प्रभारी सदस्य राजेश दवे तथा विजय शाह ने दी।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट टीम को और अधिक सशक्त बनाने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य बीसीसीआई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की सशक्त टीमों को उतारना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षो में छत्तीसगढ़ की सीनियर और जूनियर टीमों ने बोर्ड क्रिकेट के टूर्नामेंट में शामिल हुई थी जहां उनका प्रदर्शन बहुत बेहतरीन रहा था, हालांकि टीम टूर्नामेंट नहीं जीत सकी लेकिन टीम ने रेलवे तथा तमिलनाडू जैसी सशक्त टीमों को पराजित किया था।

जूबीन शाह ने बताया कि छत्तीसगढ़ टी20 आमंत्रण कप में पुरुष वर्ग में 6 राज्यों की टीमों को आमंत्रित किया गया है जिसमें गोवा, ओडिशा, चण्डीगढ़, विदर्भ सहित मेजबान छत्तीसगढ़ की दो टीमें शामिल है। वहीं महिला वर्ग में झारखंड, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और छग की दो टीमें शामिल होंगी। सभी मैच दिन में और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पुरुष वर्ग की विजेता टीम को तीन लाख रुपये नगद और उपविजेता टीम को डेढ़ लाख तथा महिला वर्ग की विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये पुरुस्कार स्वरुप दिए जाएंगें।

टी20 पुरुष वर्ग मैच की शुरुआत 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ ब्लू और ओडिशा के बीच होने वाले मैच से होगी, टूर्नामेंट में प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह 8 बजे से खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11.30 बजे से चण्डीगढ़ और गोवा के बीच शुरु होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23